# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) = | ₹112910/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) = | ₹137900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) = | ₹150531/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

*Conditions apply

anand® Jewels

Pandri, Raipur



haribhoomi.com

बिलासपुर, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026


## इन्हें भी रखिए याद....जंग में खोए अंग, कोई बिना पैर, कोई बिना हाथ और कोई बिना आंखों के जी रहा जिंदादिली से जिंदगी

*नक्सलवाद के खिलाफ डेडलाइन खत्म हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद नाम का बचा है। नक्सलवाद के खिलाफ हजारों जवानों ने शहादत दी। हरिभूमि ने उनका सम्मान और उनकी शहादत को नमन किया। शहीदों की कहानियां पाठकों तक पहुंचाईं। अब हमारा नमन उन 'जीवित नायकों' को है जो विकलांगता के घावों को पदक की तरह सीने पर सजाए, जिंदगी की लड़ाई लड़ रहे हैं। ये केवल घायल सिपाही नहीं, बस्तर की शांति के वो स्तंभ हैं जिन्होंने अपना वर्तमान देश के भविष्य के लिए होम कर दिया। प्रणामः उन वीर जवानों को जो शहीद तो नहीं हुए, पर जंग ने जिनसे उनके हाथ, पैर या आंखों की रोशनी छीन ली। ऐसे वीर जवान एक..दो...या सौ -दो सौ नहीं हैं। 2000 से अधिक जवानों ने जंग की भारी कीमत चुकाई है। जिनके शरीर पर बारूद के गहरे निशान हैं। किसी का पैर धमाके में उड़ गया, तो किसी की आंखों के आगे हमेशा के लिए अंधेरा छा गया। आज से हरिभूमि आज उन गुमनाम और जीवित नायकों की गाथा सामने ला रहा है, जिन्होंने अंग खोकर भी हारना नहीं सीखा। कोई कृत्रिम पैरों के सहारे तिरंगा थामे खड़ा है, तो कोई एक हाथ से समाज की सेवा कर रहा है। इन जांबाजों का हर घाव बस्तर में लौटती शांति की एक नई इबारत लिख रहा है।*

***हरिभूमि का सबको नमन ...***

**नक्सलवाद के खिलाफ दो हजार से ज्यादा जवानों ने चुकाई भारी कीमत**

**1 भाग**

**घायल जवानों की कहानी उन्हीं की जुबानी**

### लड़ाई में अंग-भंग हुए, नक्सलवाद खत्म हुआ तो मिला शूरवीरों को सुकून

# पैर खोया, हौसला नहीं, सबसे बड़ी खुशी हमारा बस्तर नक्सलमुक्त हो गया

*बस्तर संभाग में शांति, सुरक्षा और विकास की स्थापना का संघर्ष कई दशकों से जारी रहा है। नक्सलमुक्त देश के सपने का साकार करने कठिन संघर्ष में पुलिस और सुरक्षा बलों के जवानों ने एक ओर जहां अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और सर्वोच्च बलिदान का परिचय दिया जिसमें कुछ वीर अमर हो गए वहीं कुछ ऐसे गुमनाम सिपाही भी हैं जो घायल होकर भी डटे रहे। शहादत और साहस की इस विरासत ने ही बस्तर में शांति की राह बनाई है। शहीदों का त्याग और घायल जवानों का जज्बा यही बस्तर की असली प्रेरणा है जिन्होंने प्राण दिए और जो घाव सहकर भी डटे रहे वही बस्तर की शांति के सबसे मजबूत प्रहरी हैं।*

**हरिभूमि खास**

**राजेश दास ▸▸ जगदलपुर**

हम बात कर रहे हैं डीआरजी के एक ऐसे जाबांज कमाण्डो की जिसने ब्लास्ट में अपना एक पैर खो दिया, लेकिन इसे कमजोरी बनने नहीं दिया बल्कि अपनी ताकत में बदल दिया। मंगलवार 16 जुलाई 2024 की वह दोपहर वह आज तक भूल नहीं पाए जब नक्सल ऑपरेशन के दौरान तीन नक्सलियों को विस्फोटक के साथ पकड़कर वापस लौट रहे थे तभी गंगालूर थाना क्षेत्र के अरण्डी के करीब पहाड़ में आईईडी ब्लास्ट हुआ, जिसमें उसने अपना एक पैर खो दिया। यह वाकया सुनाते हुए किशन की ▸▸ शेष पेज 6 पर







### कृषक परिवार में जन्मे किशन

बीजापुर जिले के जांगला थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे तुमनार में 15 मार्च 1998 को एक साधारण कृषक परिवार में जन्मे किशन हपका के परिवार में तीन भाई एवं चार बहनें हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उनके परिवार ने उन्हें मेहनत, अनुशासन और संघर्ष के ऊंचे संस्कार दिए, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। 2021 में उनका चयन पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर हुआ। प्रशिक्षण के बाद वे डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) में पदस्थ होकर महत्वपूर्ण नक्सल विरोधी अभियानों का हिस्सा बने।

### 1416 ने वीरगति प्राप्त की, 2055 सुरक्षा कर्मी हुए घायल




आकंड़ों की बात करें तो बस्तर रेंज में वर्ष 1988 से 5 अप्रैल 2026 तक माओवादी घटनाओं के दौरान 1416 सुरक्षा कर्मियों ने वीरगति प्राप्त की जबकि 2055 सुरक्षा कर्मी गंभीर रूप से घायल हुए। यह आंकड़े केवल संख्याएं नहीं हैं बल्कि उन वीरों की कहानियां हैं जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा और क्षेत्र के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। प्रत्येक शहादत इस संघर्ष की गंभीरता और सुरक्षा बलों की अदम्य भावना को दशार्ती है। इन शहीद जवानों के बलिदान व घायल जवानों के कारण ही आज बस्तर में शांति और स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### अक्षय कुमार शूटिंग के दौरान हुए चोटिल



**मुंबई।** आगामी हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' के निर्माताओं ने शूटिंग के वक्त का एक वीडियो साझा किया है, जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार फिल्म के सेट पर स्टंट के दौरान चोटिल नजर आ रहे हैं। इस छोटे से वीडियो क्लिप में, कुमार हवा में जंप किक मारते हुए दिखाई दे रहे हैं। हालांकि, इस दौरान उनका संतुलन बिगड़ जाता है और वह गिर जाते हैं। जिससे उन्हें चोट लग जाती है। अक्षय फिल्मों में अपने स्टंट खुद करने के लिए जाने जाते हैं। घटना की तारीख और कुमार की चोटों के बारे में और जानकारी स्पष्ट नहीं है। 'भूत बंगला' का निर्देशन प्रियदर्शन कर रहे हैं।

### शेयर बाजार निवेश के नाम पर 12 करोड़ की ठगी

**पुणे।** पुणे के एक डॉक्टर से ऑनलाइन शेयर बाजार में निवेश कर भारी मुनाफे का झांसा देकर 12.31 करोड़ रुपए की ठगी की गई। पुलिस ने बताया कि जालसाजों ने उन्हें कई निवेश करने के लिए कथित तौर पर मजबूर किया। पुलिस के अनुसार, जनवरी के अंतिम सप्ताह में 75 वर्षीय व्यक्ति को एक अज्ञात नंबर से संदेश मिला, जिसमें कुछ शेयरों की सूची और एक लिंक दिया गया था। लिंक पर क्लिक करते ही पीड़ित एक 'व्हाट्सऐप ग्रुप' में जुड़ गए।

### सुनेत्रा पवार की राह आसान कांग्रेस ने वापस लिया नामांकन



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में बारामती विधानसभा उपचुनाव को लेकर बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस ने इस सीट से अपना उम्मीदवार वापस लेने का फैसला किया है। कांग्रेस उम्मीदवार ने नामांकन की अंतिम तिथि से ठीक पहले अपना पर्चा वापस ले लिया। इसके साथ ही कांग्रेस इस उपचुनाव की दौड़ से बाहर हो गई है। हालांकि, सुनेत्रा पवार के सामने अब भी 20 से ज्यादा निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में हैं। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि यह कदम राज्य की राजनीतिक संस्कृति और मर्यादा को बनाए रखने के लिए उठाया गया है।

---

**ईरान ने दी चेतावनी**

### इजरायल बोला- सीजफायर केवल ईरान तक सीमित

*लेबनान पर इजरायली हमलों ने अमेरिका और ईरान के बीच संघर्षविराम समझौते को नाजुक दौर में पहुंचा दिया है। पाकिस्तान की मध्यस्थता में वार्ता जारी है, लेकिन ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर लेबनान पर हमले जारी रहे तो यह संघर्षविराम समझौते का उल्लंघन होगा और ऐसी स्थिति में कड़ा जवाब दिया जाएगा। ईरान ने होर्मुज बंद कर दिया है। इधर, इजरायली सेना ने साफ कहा कि यह सीजफायर केवल ईरान तक सीमित है। लेबनान और बेरूत इसमें शामिल नहीं हैं।*

# सीजफायर के बाद लेबनान पर हमले होर्मुज बंद, युद्ध विराम पर संकट!

**एजेंसी ▸▸ तेहरान**


अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता से दो हफ्ते का सीजफायर घोषित हुए सिर्फ एक दिन बीता था कि इजरायल ने लेबनान पर भारी हमले शुरू कर दिए। 8 अप्रैल 2026 को तेल अवीव ने सिर्फ 10 मिनट में 160 बम गिराए। 100 अलग-अलग टारगेट को निशाना बनाया। ईरान ने इजराइल द्वारा लेबनान में हमले तेज किए जाने के जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर बंद कर दिया, जिससे हाल में हुआ युद्धविराम खतरे में पड़ गया है। अमेरिका ने जलडमरूमध्य को तत्काल खोलने की मांग की है और शांति वार्ता को पटरी पर बनाए रखने की कोशिश की है। अमेरिका और ईरान दोनों ने समझौते को अपनी-अपनी जीत बताया है, वहीं क्षेत्र में ड्रोन और मिसाइल हमले जारी हैं। इस बीच, इजराइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ हमले तेज कर दिए हैं। बेरूत में व्यावसायिक और रिहायशी इलाकों पर हमले किए गए। इन हमलों में बुधवार को कम से कम 254 लोगों की मौत हुई। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि प्रस्तावित वार्ता अतार्किक है क्योंकि अमेरिका ▸▸ शेष पेज 6 पर

*इजरायल ने लेबनान पर 10 मिनट में 160 बम गिराए*

**ट्रंप का रुख बदला**



ट्रंप ने शुरू में पाकिस्तान के बयान को स्वीकार करते हुए सीजफायर की घोषणा की, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्होंने अपना रुख साफ कर दिया कि लेबनान समझौते का हिस्सा नहीं है। कई विश्लेषक इसे "वादे से पलटना" मान रहे हैं। वहीं ट्रंप का तर्क है कि ईरान समर्थित हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल की लड़ाई अलग मुद्दा है और अमेरिका-ईरान सीजफायर उससे ताल्लुक नहीं रखता। हालांकि ईरान का कहना है कि क्षेत्रीय शांति के बिना सीजफायर अधूरा है।



### हिजबुल्ला चीफ का करीबी मारा गया

*इजराइल ने दावा किया कि लेबनान की राजधानी बेरूत पर किए गए उसके भीषण हवाई हमलों में हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम का एक सहयोगी मारा गया। इजराइल ने मारे गए व्यक्ति की पहचान कासिम के सचिव एवं रिश्तेदार अली यूसुफ के रूप में की है। हिजबुल्ला ने इस दावे पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।*

### होर्मुज का जारी किया मैप बारूदी सुरंगों के संकेत

ईरान की अर्धसरकारी समाचार एजेंसियों के प्रकाशित एक चार्ट से संकेत मिलता है कि देश के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने युद्ध के दौरान होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री बारूदी सुरंगें बिछा दी हैं। यह रिपोर्ट आईएसएनए समाचार एजेंसी और तस्नीम से आई, जिसे रिवोल्यूशनरी गार्ड की करीबी माना जाता है। चार्ट में जहाजों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग 'ट्रैफिक सेपरेशन स्कीम' पर फारसी भाषा में खतरे का क्षेत्र अंकित किया गया एक बड़ा घेरा दिखाया गया है। इसी क्षेत्र में रिवोल्यूशनरी गार्ड द्वारा कथित तौर पर बारूदी सुरंगें बिछाई गईं। चार्ट के अनुसार, जहाजों को लारक द्वीप के निकट ईरान की मुख्यभूमि के करीब उत्तरी मार्ग से गुजरने का ▸▸ शेष पेज 6 पर

### बिफरा ईरान, कहा- समझौते में लेबनान भी

मध्य पूर्व में तेजी से बदलते हालात के बीच ईरान ने स्पष्ट कर दिया है कि लेबनान को अमेरिका के साथ हुए किसी भी संघर्षविराम समझौते से अलग नहीं रखा जा सकता। ईरान ने साफ संकेत दिया है कि क्षेत्र में कोई भी दीर्घकालिक शांति समझौता तभी संभव होगा जब लेबनान को भी उसमें शामिल किया जाए। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बगेर गालिबफ ने गुरुवार को दो टूक कहा कि इस मुद्दे पर न तो इनकार की गुंजाइश है और न ही पीछे हटने की। गालिबफ ने अपने बयान में जोर देते हुए कहा कि लेबनान और पूरा 'रेजिस्टेंस एक्सिस' ईरान के रणनीतिक सहयोगी हैं और उन्हें संघर्षविराम के दायरे से बाहर रखना असंभव है।

### अब आगे क्या?

*इस्लामाबाद वार्ता 10 अप्रैल से पाकिस्तान में शुरू होनी है। यह हफ्ते के सीजफायर को स्थायी बनाने का मौका है, लेकिन लेबनान का मुद्दा सबसे बड़ा रोड़ा है। क्योंकि तेहरान ने साफ कर दिया है कि अगर लेबनान पर हमले जारी रहे तो ईरान सीजफायर तोड़ सकता है। इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हिजबुल्लाह के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। इजरायल किसी भी समय पूर्ण युद्ध फिर शुरू कर सकता है। अब ट्रंप प्रशासन भी लेबनान के मुद्दे को समझौते से अलग रखना चाहता है, लेकिन अगर होर्मुज फिर लंबे समय के लिए बंद रहा तो तेल की कीमतें बढ़ेंगी और इसका पूरे विश्व पर असर होगा। ऐसे में सीजफायर बेहद नाजुक हो चुका है। इस सीजफायर के बाद अमेरिका और ईरान अपना-अपना दावा कर रहे हैं।*

---

**पांच अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार**

## ओडिशा से मुंबई जा रहा डेढ़ करोड़ रुपए का गांजा जब्त



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद**

पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने नशे के सौदागरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सिंघोड़ा क्षेत्र में इस कार्रवाई में पुलिस ने एक ट्रक से तीन के क्विंटल 12 किलो 590 ग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 1 करोड़ 56 लाख 34 हजार 500 रुपए आंकी गई है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ओडिशा की ओर से एक ट्रक क्रमांक केए 13 डी 7710 में भारी मात्रा में नशीला पदार्थ लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने एनएच 53 मार्ग पर रेहटीखोल के पास नाकाबंदी की। संदिग्ध ट्रक के पहुंचते ही उसे रोककर तलाशी ली गई, जिसमें बोरियों के अंदर छिपाकर रखा गया 312 किलो से अधिक गांजा मिला। ट्रक में ▸▸ शेष पेज 6 पर

### 1.71 करोड़ की संपत्ति जब्त

पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई में गांजे के अलावा तस्करी में इस्तेमाल किए गए ट्रक कीमत 15 लाख, एक लग्जरी कार और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त की गई कुल संपत्ति की कीमत 1 करोड़ 71 लाख 42 हजार 500 रुपए है। सिंघोड़ा थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है।

### 12 घंटे के भीतर मास्टरमाइंड गिरफ्तार

गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। अगले 12 घंटों के भीतर पुलिस ने ओडिशा के बरहमपुर से तीन अन्य मुख्य खरीदारों और मददगारों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए इन आरोपियों में जिया उल हक बालाघाट, म.प्र., नदीम अंसारी शामली, उ.प्र. और सुखविंदर उर्फ बुलबुल जम्मू शामिल हैं। ये तीनों आरोपी एक टोयोटा अर्बन क्रूजर कार में सवार थे।

---

## अमित बघेल को मिली अंतरिम जमानत

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलासपुर**



■ तीन महीने के लिए जेल से बाहर आएंगे

अग्रवाल और सिंधी समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के अध्यक्ष अमित बघेल को हाईकोर्ट से राहत मिली है। कोर्ट ने उनकी रेगुलर बेल खारिज कर दी है, लेकिन अंतरिम बेल दे दी गई है, वे तीन महीने के लिए जेल से बाहर आएंगे। इस मामले में दिसंबर 2025 में उनकी गिरफ्तारी हुई थी।

इस संबंध में अमित बघेल के वकील हर्षवर्धन परगनिया का कहना है कि उन्हें तीन महीने की अंतरिम बेल मिली है, वहीं आपत्तिकर्ता के वकील सुनील ओटवानी का कहना है कि अमित बघेल को तीन महीने का पैरोल दिया गया है। जानकारी के अनुसार हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत देते हुए शर्त रखी है कि अमित बघेल तीन महीने तक रायपुर जिले की सीमा में निवास नहीं करेंगे। उन्हें कोर्ट में पेशी के लिए तय तारीखों पर रायपुर आने की अनुमति दी गई है। उल्लेखनीय है कि रायपुर के वीआईपी चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा से तोड़फोड़ की गई थी, यहां छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने जमकर हंगामा मचाया था। बाद में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा दोबारा स्थापित कर दी गई, पुलिस ने प्रतिमा तोड़ने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी मानसिक रोगी है और उसने नशे में प्रतिमा तोड़ी थी। प्रतिमा टूटने पर अमित बघेल ने अग्रवाल और सिंधी समाज पर टिप्पणी की थी, इसके बाद रायपुर और प्रदेश के दूसरे थानों में 14 एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

---

### नीति तैयार, कैबिनेट में आएगा मामला, 42 लाख घरों को पीएनजी कनेक्शन का लक्ष्य

# छत्तीसगढ़ में सिटी गैस पाइपलाइन, घर-घर पहुंचेगी रसोई गैस

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में रसोई गैस व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) योजना के तहत अब पाइपलाइन के जरिए सीधे घरों तक गैस पहुंचाने की तैयारी तेज कर दी गई है। मुख्य सचिव ने कुछ समय पहले इस परियोजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को काम में तेजी लाने और सभी आवश्यक अनुमतियां समय पर देने के निर्देश दिए हैं। उच्च पदस्थ सूत्रों की मानें, तो इस संबंध में नई नीति तैयार की गई है, इसका अनुमोदन राज्य मंत्रिपरिषद कैबिनेट की बैठक (15 अप्रैल) में होने की संभावना है।

### इस तरह से घर घर पहुंचेगी गैस

योजना के तहत प्राकृतिक गैस (पीएनजी) को सीधे घरों तक पाइपलाइन के जरिए पहुंचाया जाएगा। इसके लिए शहरों में गैस पाइपलाइन नेटवर्क विकसित किया जा रहा है, जो मुख्य ट्रांसपोर्ट पाइपलाइन से जुड़कर कॉलोनियों और घरों तक गैस सप्लाई करेगा। घरेलू कनेक्शन में मीटर, प्रेशर रेगुलेटर और पाइपलाइन के जरिए सीधे किचन तक गैस पहुंचेगी, जिससे सिलेंडर की आवश्यकता लगभग समाप्त हो जाएगी।



### सात भौगोलिक क्षेत्र 42 लाख घरों में पहुंचेगी

राज्य में इस योजना को 7 भौगोलिक क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है। सरकार ने वर्ष 2030 तक करीब 42 लाख घरों को पीएनजी कनेक्शन देने और 1100 सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य तय किया है। इससे परिवहन क्षेत्र में भी स्वच्छ ईंधन को बढ़ावा मिलेगा।

### सीएस कर चुके हैं उच्च स्तरीय समीक्षा

राज्य में मार्च में हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीजीडी इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके बाद 25 मार्च 2026 को जारी निर्देशों में साफ कहा गया है कि सिटी गैस नेटवर्क को प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया जाए। सीजीडी परियोजनाओं के लिए सिंगल विंडो सिस्टम के जरिए अनुमति प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया जाए। साथ ही रोड कटिंग, राइट ऑफ वे और अन्य तकनीकी स्वीकृतियों को समयबद्ध तरीके से जारी किया जाए, ▸▸ शेष पेज 6 पर

### 30 प्रतिशत सस्ती

प्राकृतिक गैस को एलपीजी की तुलना में सस्ता, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल माना जाता है। बताया गया है कि यह गैस एलपीजी से 30 प्रतिशत सस्ती होगी पाइपलाइन से गैस की निर्बाध आपूर्ति होने से उपभोक्ताओं को सिलेंडर खत्म होने की चिंता नहीं रहेगी, वहीं मीटर आधारित बिलिंग से पारदर्शिता भी बढ़ेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि सीजीडी नेटवर्क के विस्तार से छत्तीसगढ़ में शहरी जीवन आसान होगा, उद्योगों को सस्ता ईंधन मिलेगा और प्रदूषण में भी कमी आएगी। आने वाले समय में यह योजना राज्य की ऊर्जा व्यवस्था में बड़ा बदलाव लाने वाली साबित हो सकती है।

# बंगाल में सियासी भूचाल!

# 'हुमायूं कबीर और भाजपा में 1000 करोड़ की डील'

## वीडियो वायरल, टीएमसी ने की ईडी जांच की मांग



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सियासत में हलचल मच गई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने हुमायूं कबीर से जुड़ा एक कथित स्टिंग ऑपरेशन वीडियो जारी किया है। पार्टी का दावा है कि इस वीडियो में कबीर और बीजेपी के बड़े नेताओं के बीच करोड़ों रुपये की डील की बातचीत सामने आई है।


टीएमसी ने इस पूरे मामले की जांच की मांग भी उठाई है। टीएमसी के मुताबिक, जारी किए गए वीडियो में हुमायूं कबीर कथित तौर पर 1000 करोड़ रुपये की डील की बात करते नजर आ रहे हैं, जिसमें 300 करोड़ रुपये एडवांस देने का भी जिक्र किया गया है। पार्टी का आरोप है कि इस कथित डील में बीजेपी के कई बड़े नेताओं के नाम सामने आए हैं। इनमें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, पश्चिम बंगाल के नेता शुभेंदु अधिकारी और पीएमओ का भी जिक्र किया गया है। इस मामले को लेकर टीएमसी नेताओं फिरहाद हकीम, अरूप बिस्वास और कुणाल घोष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे 'बड़ा खुलासा' किया। उन्होंने कहा कि यह वीडियो बेहद गंभीर है और इससे बड़े राजनीतिक गठजोड़ की साजिश का संकेत मिलता है।

### एक बड़ा सियासी खेल

टीएमसी ने इस पूरे मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की है। पार्टी का कहना है कि इतने बड़े वित्तीय लेन-देन के आरोपों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। टीएमसी ने इसे पश्चिम बंगाल चुनाव से जुड़ी साजिश बताया है और दावा किया है कि यह एक बड़ा राजनीतिक खेल है। इस खुलासे के बाद राज्य की राजनीति में तनाव और आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गए हैं।

# लोकतंत्र का त्यौहार

## असम, केरलम, पुडुचेरी में गुरुवार को मतदान


गुवाहाटी

नई दिल्ली। देश के दो राज्यों असम, केरलम और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में गुरुवार को विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को छिटपुट हिंसा के बीच मतदान संपन्न हो गया। तीनों राज्यों में एक ही चरण में मतदान हुआ है, जो सुबह 7 बजे शुरू होकर शाम 6 बजे तक चला। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 5 बजे तक असम में 84.42%, केरलम में 75.01% और पुडुचेरी में 86.92% वोटिंग हुई। असम में सीएम हिमंता बिस्व सरमा ने गुवाहाटी में मां कामाख्या मंदिर में पूजा की। इसके बाद पत्नी के साथ जालुकबाड़ी में वोट डाला। इनके अलावा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, कांग्रेस नेता तरूण गोगई, अगपा प्रमुख अतुल बोरा, केरलम में मंत्री जार्ज कुरियन, सुरेश गोपि, पूर्व रक्षा मंत्री और कांग्रेस लीडर एके एंटनी, शशि थरूर, फिल्म अभिनेता मोहनलाल, पुडुचेरी में नेता प्रतिपक्ष आर शिवा सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मतदान किया।




### पोलिंग बूथ पर रोबोट

*पुडुचेरी में तकनीक और परंपरा का अनोखा संगम देखने को मिला। भारत निर्वाचन आयोग ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी कि पुडुचेरी में साड़ी पहने 'नीला' नाम का वेलकम रोबोट इंटरनेशनल इलेक्शन विजिटर्स प्रोग्राम (आईईवीपी) के प्रतिनिधियों का स्वागत कर रहा है।*


शशि थरूर


तरुण गोगोई


मोहन लाल


एके एंटनी


सुरेश गोपी


हिमंता परिवार के साथ


गोलाघाट में अगपा अध्यक्ष अतुल बोरा व परिजन


पुडुचेरी नेता प्रतिपक्ष डीएमके नेता आर शिवा

# हर तरह की गुंडागर्दी का लिया जाएगा हिसाब : मोदी

आसनसोल की चुनावी सभा को किया संबोधित



पीएम मोदी गुरुवार को पश्चिम बंगाल के आसनसोल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि उनकी सरकार बनने के बाद इलाके की एक-एक समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल को छह गारंटी दी। पीएम मोदी ने जोर देते हुए कहा कि '4 मई के बाद बंगाल में कानून का राज स्थापित होगा। हर तरह की गुंडागर्दी का हिसाब लिया जाएगा, एक-एक करके जवाबदेही तय होगी।' उनके इस बयान को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सीधा हमला माना जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने हाल के चर्चित मामलों का जिक्र करते हुए राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आरजी कर जैसे घटनाक्रम और संदेशखाली की घटना यह दिखाती है कि टीएमसी सरकार कैसे दुष्कर्मियों के साथ खड़ी नजर आती है। उन्होंने दावा किया कि यही वजह है कि राज्य में महिलाओं के बीच असुरक्षा की भावना बढ़ी है और एसिड अटैक के मामलों में भी इजाफा हुआ है।

### घुसपैठ का मुद्दा भी उठाया

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में घुसपैठ के मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि 'बंगाल में घुसपैठ सबसे बड़ी समस्या है। घुसपैठिए यहां जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं और जनसांख्यिकी में बदलाव हो रहा है।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ जगहों पर लोगों को पूजा करने की अनुमति नहीं दी जाती और कहीं-कहीं दुर्गा पूजा भी नहीं करने दी जाती.इसके पीछे टीएमसी का हाथ है। पहले लाल झंडे के दौर में हिंदू नरसंहार के आरोप लगे थे, अब टीएमसी वही काम कर रही है।

# भाजपा ने सत्ता हथियाने 90 लाख नाम हटाए : ममता

**बंगाल सीएम ने लगाया आरोप, ईसी पर साधा निशाना**

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर राज्य में सत्ता हथियाने के लिए मतदाता सूचियों से 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटाने का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि उनकी पार्टी आगामी चुनाव जीतेगी। उत्तर 24 परगना जिले के मीनाखान में जनसभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी मतदाता सूचियों से हटाए गए लोगों के नाम शामिल कराने के लिए अदालत का रुख करेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'आपने बंगाल में सत्ता हथियाने के लिए 90 लाख से अधिक लोगों के नाम हटा दिए, लेकिन चुनाव हम ही जीतेंगे।' उनकी यह टिप्पणी राज्य में एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से हटाए जाने के संदर्भ में आई।

# पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर होगा रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली। अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से पंजीकरण कराया जा सकेगा। श्री अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड ने बुधवार को इसका एलान कर दिया। पंजीकरण देश भर के निर्धारित बैंक शाखाओं के माध्यम से होगा। यात्रा परमिट 'पहले आओ-पहले पाओ' के आधार पर जारी होगा। यात्रा की तारीख भी जल्द घोषित की जाएगी। देश भर की 554 बैंक शाखाओं में पंजीकरण होगा। पंजीकरण के दौरान प्रत्येक बैंक शाखा को प्रतिदिन, प्रति मार्ग एक निश्चित कोटा आवंटित किया गया है। 13 वर्ष से कम उम्र के बच्चों और 70 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों का पंजीकरण नहीं होगा। इसी तरह छह सप्ताह से अधिक की गर्भवती का भी पंजीकरण नहीं होगा। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है कि इस वर्ष यात्रा परमिट आधार-आधारित बायोमीट्रिक ई-केवाईसी प्रमाणीकरण के बाद सिस्टम से एनआईसी पोर्टल (https://jksasb.nic.in) पर जारी किया जाएगा। यदि प्रमाणीकरण में तकनीकी खराबी आती है तो बैंक शाखा मैनुअल फोटो और डेटा प्रविष्टि के माध्यम से पंजीकरण कर सकेगी।

### *यात्रा परमिट और रूट सिस्टम*

अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए परमिट जारी होने के बाद उसमें तीर्थयात्री द्वारा चुना गया रूट स्पष्ट रूप से दर्ज होगा। परमिट में या तो बालटाल रूट या पहलगाम रूट से दिया जाएगा। इसके साथ ही यात्रा की तारीख और प्रवेश समय भी तय होगा। बालटाल रूट पर डोमेल और पहलगाम रूट पर चंदनवाड़ी से प्रवेश दिया जाएगा। निर्धारित समय और तारीख पर ही यात्रियों को आगे बढ़ने की अनुमति होगी।




### *रजिस्ट्रेशन फीस और अन्य नियम*

हर यात्रा परमिट के लिए 150 रुपये की निर्धारित फीस रखी गई है। इसके अलावा, यात्रियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि रजिस्ट्रेशन के समय आधार नंबर और मोबाइल नंबर सही दर्ज किए जाएं। श्राइन बोर्ड ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे हेल्प डेस्क की व्यवस्था करें और स्टाफ को उचित प्रशिक्षण दें, ताकि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया सुचारु रूप से चल सके।

### रजिस्ट्रेशन की समय सीमा

*श्राइन बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी विशेष तारीख की यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन यात्रा से 7 दिन पहले बंद कर दिया जाएगा। इसलिए यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे समय पर आवेदन करें। अमरनाथ यात्रा 2026 के लिए इस बार व्यवस्था को और अधिक डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाया गया है। हेल्थ सर्टिफिकेट, उम्र सीमा और बायोमेट्रिक रजिस्ट्रेशन जैसे नियम यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर लागू किए गए हैं। जो भक्त इस पवित्र यात्रा का हिस्सा बनना चाहते हैं, उन्हें सभी दिशानिर्देशों का पालन करना जरूरी होगा, ताकि यात्रा बिना किसी परेशानी के पूरी हो सके।*

# सिक्किम में बर्फबारी-लैंडस्लाइड हजार टूरिस्ट को सेना ने बचाया

गंगटोक। सिक्किम के मंगन जिले के लाचेन में कई भूस्खलनों के कारण सड़क संपर्क टूट जाने के बाद फंसे 1,000 से अधिक पर्यटकों को बचाया गया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ये पर्यटक पांच अप्रैल से उत्तरी सिक्किम के लाचेन में फंसे हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को 1,321 पर्यटकों और 84 स्थानीय लोगों को बचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान मंगन जिला अधिकारी अनंत जैन की देखरेख में और सेना, बीआरओ, 'लाचेन ज़ुमसा' तथा पर्यटन क्षेत्र से



जुड़े हितधारकों के सक्रिय समन्वय से चलाया गया। ताराम चू से चुंगथांग और फिर वहां से गंगटोक तक पर्यटकों को ले जाने के लिए बसों और पर्यटक वाहनों की विशेष व्यवस्था की गई थी। ताराम चू में निकासी प्रक्रिया पूरी होने के बाद, स्थानीय विधायक और सिक्किम के सामाजिक कल्याण मंत्री समदुप लेपचा ने भारतीय सेना और बीआरओ के अधिकारियों से बातचीत की और उनके निरंतर प्रयासों के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने पर्यटकों से बातचीत भी की और उन्हें उनके गंतव्य तक सुखद यात्रा की शुभकामनाएं दीं। मंत्री ने लाचेन से पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के कठिन कार्य में शामिल जिला प्रशासन और सभी एजेंसियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, 'खराब मौसम और रसद संबंधी चुनौतियों के बावजूद, टीम वर्क और सामुदायिक भावना के माध्यम से मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।'

### *नासिक का मामला*

# आईटी कंपनी में बड़े पैमाने पर यौन शोषण, 6 कर्मचारी गिरफ्तार

नासिक। महाराष्ट्र में नासिक पुलिस ने एक आईटी कंपनी के छह कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक कर्मचारी पर आरोप है कि उसने शादी का वादा करके अपनी सहकर्मी का यौन शोषण किया। बाकी पांच कर्मचारियों पर आरोप है कि उन्होंने पिछले चार सालों में अलग-अलग समय पर अपनी महिला सहकर्मियों के साथ यौन उत्पीड़न किया और धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचाई। पुलिस ने बताया कि नासिक स्थित आईटी कंपनी में लगभग 300 कर्मचारी काम करते हैं और गिरफ्तार किए गए ज्यादातर लोग टीम लीडर हैं। कुल नौ मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से आठ महिला सहकर्मियों द्वारा यौन उत्पीड़न और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के आरोप में दर्ज किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक, नौवीं शिकायत एक पुरुष कर्मचारी ने दर्ज कराई है। उसने आरोप लगाया है कि किसी ने उसकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई। नासिक एसीपी क्राइम संदीप मिटके ने टॉइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'आईटी कंपनी के एक एचआर अधिकारी को इनमें से एक मामले में संदिग्ध बनाया गया है क्योंकि शिकायतकर्ता ने बताया कि उसने संबंधित टीम लीडरों द्वारा वर्क प्लेस पर किए गए उत्पीड़न की रिपोर्ट करते हुए उसे ईमेल भेजा था, लेकिन एचआर ने उसे 'शांत रहने' की सलाह दी क्योंकि आईटी कंपनी में इस तरह के व्यवहार आम बात हैं।

## अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्हें भेजे गए ऑडियो मैसेज में कहा गया कि जैसे अतीक अहमद को मारा गया था, वैसे ही उन्हें भी मार दिया जाएगा। इन ऑडियो में 33 बार गालियां भी दी गई हैं और कहा गया है कि उनकी यात्रा के दौरान हमला किया जाएगा। 1 अप्रैल को ज्योतिष्पीठ के आधिकारिक नंबर पर पहले एक धमकी भरा मैसेज आया था, जिसे बाद में ब्लॉक कर दिया गया। इसके बाद 6 अप्रैल की रात 9:55 और 9:56 बजे दो वॉइस मैसेज भेजे गए। ज्योतिष्पीठ ने बुधवार को ये दोनों ऑडियो जारी करके मामले की जांच की मांग की है। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद 'गोमाता-राष्ट्रमाता' अभियान चला रहे हैं। इसी के तहत 3 मई से उत्तर प्रदेश में उनकी 'गविष्ठी यात्रा' शुरू होने वाली है, जिसमें वे लोगों को गायों की सुरक्षा और उनके लिए आश्रय (गोधाम) बनाने के बारे में जागरूक करेंगे।

Faith
MAKHIJA IVF & FERTILITY CENTRE

बच्चेदानी में गांठ या दीवार, ओवरी सिस्ट, चॉकलेट सिस्ट होने पर भी IVF जैसी आधुनिक तकनीकों द्वारा लेप्रोस्कोपी, हिस्ट्रोस्कोपी के माध्यम से माँ बनना संभव हो पा रहा है...

IVF में 10000/- की छूट

परामर्श हेतु कौन महिला संपर्क कर सकती हैं?
- बंद फेलोपियन ट्यूब, Low AMH
- अण्डों का न बनना, समय पर न फूटना (PCOD)
- बच्चेदानी में गांठ, बच्चेदानी में दीवार
- ओवरी सिस्ट, चॉकलेट सिस्ट
- एंडोमेट्रियोसिस, एडिनोमायोसिस
- माहवारी बंद होना, माहवारी का अनियमित होना
- बार-बार गर्भपात होना, महिला नसबंदी



परामर्श हेतु कौन पुरुष संपर्क कर सकते हैं?
- शुक्राणुओं की मात्रा कम होना
- शुक्राणुओं की मात्रा निल होना
- शुक्राणु की गुणवत्ता में कमी होना
- शुक्राणुओं के आकार में खराबी होना
- पुरुष नसबंदी

परामर्श हेतु संपर्क करें या अपनी रिपोर्ट भेजें 8085758585

हम आपके परिवार को पूरा करते हैं...

माखीजा टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

Life begins here


माखीजा हॉस्पिटल, अग्रसेन चौक के पास, टेलीफ़ोन एक्सचेंज रोड, बिलासपुर (छ.ग.)


उपलब्ध सेवाएं - फर्टिलिटी जाँच • IUI • IVF • ICSI • लेज़र हैचिंग • ब्लास्टोसिस्ट • लेप्रोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • डोनर सर्विसेज

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


- छत्तीसगढ़ में 6 साल से कम उम्र के बच्चों की जनसंख्या का गणित
- सुकमा, बीजापुर और धमतरी में गिरावट की रफ्तार अधिक

# रायपुर के आंगन में गूंज रहीं किलकारियां...दुर्ग, धमतरी, बस्तर में जन्मदर कम, पलायन भी, इसलिए बच्चों की संख्या में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में बाल जनसंख्या यानि 6 साल से कम उम्र के बच्चों की संख्या 36 लाख से ज्यादा अनुमानित है, लेकिन राज्य के 33 जिलों में बच्चों की संख्या को लेकर असंतुलन की स्थिति है, रायपुर, बलोदाबाजार, बेमेतरा, मुंगेली, कबीरधाम जिलों में बाल जनसंख्या तेजी से बढ़ रही है, तो दूसरी ओर दुर्ग, धमतरी, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, गरियाबंद, सुकमा और बीजापुर में यह संख्या घट रही है, दरअसल बाल जनसंख्या में यह एक बड़ा असंतुलन है। राज्य सरकार के आर्थिक एवं सांख्यिकी ▶▶| शेष पेज 6 पर

### सबसे अधिक बच्चों वाले जिले

जिलेवार स्थिति देखें तो रायपुर में सबसे अधिक 3.32 लाख से ज्यादा बच्चे हैं। इसके बाद बिलासपुर, बालोदाबाजार, कबीरधाम और कोरबा जैसे जिले प्रमुख हैं, जहां बच्चों की संख्या अपेक्षाकृत अधिक है। इन जिलों में शहरीकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के अवसरों के कारण जनसंख्या का दबाव बना हुआ है।

### सबसे कम बच्चे इन जिलों में

इसके विपरीत नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर और कोरिया जैसे जिलों में बच्चों की संख्या सबसे कम है। ये जिले मुख्य रूप से दूरस्थ और आदिवासी क्षेत्र हैं, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की कमी, कुपोषण और पलायन जैसे कारण प्रभाव डालते हैं।

### कहां बढ़ रही है संख्या

बलोदाबाजार, बेमेतरा, मूंगेली, रायपुर और कबीरधाम जैसे जिलों में बच्चों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। इन क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, सरकारी योजनाओं का असर और आर्थिक गतिविधियों के विस्तार से जन्मदर में वृद्धि हो रही है।

### यहां घट रही है बच्चों की तादाद

दुर्ग, धमतरी, जांजगीर-चांपा, महासमुंद, गरियाबंद, सुकमा और बीजापुर जैसे जिलों में बच्चों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। इन क्षेत्रों में कम जन्मदर और पलायन प्रमुख कारण माने जा रहे हैं।

### वृद्धि की रफ्तार का ट्रेंड भी देखिए

जिलों के बीच वृद्धि की रफ्तार भी अलग-अलग है। बालोदाबाजार, बेमेतरा और रायपुर जैसे जिलों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जबकि बस्तर और दंतेवाड़ा में स्थिति अपेक्षाकृत स्थिर है। दूसरी ओर सुकमा, बीजापुर और धमतरी में गिरावट की रफ्तार अधिक है, जो चिंता का विषय है।

### राज्य पर क्या असर होगा

बच्चों की आबादी में यह असंतुलन राज्य की नीतियों पर सीधा असर डालेगा। जहां संख्या बढ़ रही है, वहां स्कूल, आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य सेवाओं की मांग बढ़ेगी। वहीं जिन जिलों में बच्चों की संख्या घट रही है, वहां भविष्य में श्रमबल की कमी हो सकती है। इसके अलावा क्षेत्रीय असमानता भी बढ़ने की आशंका है।बच्चों की आबादी के ये आंकड़े केवल जनसंख्या का संकेत नहीं, बल्कि राज्य के भविष्य की दिशा भी तय करते हैं। ऐसे में सरकार के लिए जरूरी होगा कि घटती संख्या वाले जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाए और बढ़ती आबादी वाले क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाए।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### तेलंगाना में जनगणना 11 मई से नौ जून तक

**हैदराबाद।** तेलंगाना में जनगणना संचालन की निदेशक भारती होलिकेरी ने कहा कि 2027 की



जनगणना डिजिटल माध्यम से आयोजित की जाएगी, जबकि 2011 तक यह प्रक्रिया कागज पर आधारित थी। निदेशक होलिकेरी ने कहा कि इस प्रक्रिया के पहले चरण में घरों की सूची बनाना और आवास गणना शामिल है।

### 1.81 करोड़ मिलने के बाद सरकारी इंजीनियर गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के जल संसाधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य अभियंता (बांध सुरक्षा) राजेश चंद्र मोहंती को उसके नाम पर एक आलीशान इमारत समेत आय के ज्ञात स्रोत से कई गुना ज्यादा संपत्ति के संबंध में गिरफ्तार किया गया। भुवनेश्वर और ढेंकनाल में उसके आठ महंगे भूखंड हैं। छापेमारी के दौरान 6.23 लाख रुपए नकद, 1.81 करोड़ रुपये से अधिक की बैंक जमा राशि, लगभग 350 ग्राम सोने के आभूषण और चार पहिया दो वाहन जब्त किए गए।

### बस खड़े ट्रेलर से टकराई दो की मौत और 16 घायल

**जयपुर।** राजस्थान के कोटपुतली जिले में जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर एक बस सड़क



के किनारे खड़े ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई तथा 16 अन्य लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना बुधवार रात बीडीएम अस्पताल के पास फ्लाईओवर पर हुई। टक्कर के बाद बस में अफरा तफरी मच गई और यात्री मदद के लिए चिल्लाने लगे।

### स्कूली वाहन पलटा, पांच बच्चों समेत सात घायल हुए

**जालौन।** जालौन जिले के कोतवाली आटा क्षेत्र में एक स्कूली वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने से पांच बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। एक स्कूली वाहन बच्चों को लेकर जा रहा था, उसी बीच लुहोर गांव के पास वह अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों एवं राहगीरों ने वाहन से बच्चों को बाहर निकाला और पुलिस एवं एंबुलेंस को सूचना दी।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम का निधन

**कोलकाता।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अबू हासेम खान चौधरी का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण कोलकाता में



निधन हो गया 'डालू' के नाम लोकप्रिय चौधरी 89 साल के थे। उनके परिवार में पत्नी और बेटा ईशा खान चौधरी हैं। ईशा मालदा दक्षिण से कांग्रेस के सांसद हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री के निधन के साथ ही मालदा जिले की राजनीति के एक युग का अंत हो गया।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानकों का पालन नहीं करने का आरोप

# 33 निजी अस्पताल आयुष्मान से बाहर, 26 का भुगतान रोका

### 43 रायपुर के यहां इलाज अब नहीं, राज्य नोडल एजेंसी ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान से जुड़े प्रदेश के 59 अस्पतालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इन्हें सूची से बाहर कर दिया गया है। अर्थात अब इन हॉस्पिटल में मरीज इलाज नहीं करा पाएंगे। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के मानकों के अनुरूप आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन नहीं करने पर इन अस्पतालों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की राज्य ▶▶| शेष पेज 6 पर

### काम बंद करने की स्थिति

छग चिकित्सा प्रकोष्ठ, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.राकेश गुप्ता ने कहा, मध्यप्रदेश में भी कुछ दिन पूर्व आदेश जारी कर 120 से ज्यादा अस्पतालों के नाम सूची से हटाए गए हैं। इन अस्पतालों की संबद्धता एनएबीएच पात्रता नहीं होने का कारण दर्शा कर समाप्त की गई है। छत्तीसगढ़ में यह कार्यवाही भी उसके आगे की कड़ी है। वास्तव में स्वास्थ्य विभाग नहीं चाहता कि आयुष्मान के योजना के तहत ज्यादा अस्पताल इलाज करें, क्योंकि अस्पतालों में इलाज का पैसा देने के लिए सरकार के पास पर्याप्त बजट ही नहीं है। पिछले ढाई साल में हर बार छह महीने से ज्यादा का लंबित भुगतान नहीं करने पर निजी अस्पतालों में काम बंद करने और गतिरोध की स्थिति आई है।




### तीन श्रेणी में कार्रवाई

जिला स्तर से प्राप्त अनुशंसाओं एवं समीक्षा के आधार पर तीन श्रेणी बनाकर कार्यवाही की गई है। इनमें 21 अस्पताल, जिन्होंने 'एक बार भी आवेदन प्रस्तुत नहीं किया' उन्हें आगामी आदेश तक निलंबित किए जाने की कार्यवाही की गई है। 12 अस्पतालों को आवश्यक जानकारी अद्यतन न करने एवं क्वेरी का उत्तर न देने के कारण आवश्यक क्वेरी पूर्ण किए जाने तक निलंबित किए जाने की कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त 26 अस्पताल, जिनके आवेदन अपूर्ण पाए गए तथा पुनः प्रस्तुत नहीं किए गए, उनके विरुद्ध भुगतान एवं प्री-ऑथ रोकने की कार्यवाही की जा रही है।

### गुणवत्तापूर्ण उपचार के लिए एक्शन

यह कार्यवाही आयुष्मान योजना के प्रावधानों के तहत तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई है, ताकि योजना के अंतर्गत पारदर्शिता, जवाबदेही एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित किया जा सके। राज्य नोडल एजेंसी ने सभी पंजीकृत अस्पतालों से कहा है कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत नए पोर्टल में पंजीयन के लिए निर्धारित मानकों को पूर्ण करते हुए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करें तथा समयबद्ध रूप से आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेज पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे अस्पतालों को आयुष्मान योजना में पंजीकृत कर निर्बाध सेवा सेवा प्रदाय की जा सके।

#### 21 अस्पताल : आवेदन नहीं देने के कारण निलंबित

प्रदेश में 21 प्राइवेट हॉस्पिटल ऐसे रहे, जिन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक आवेदन प्रक्रिया पूरी नहीं की। आवेदन नहीं किए जाने के कारण इन्हें संबद्धता ही प्रदान नहीं की गई है। इस सूची में राजधानी शीर्ष पर है।

**बेमेतरा:** न्यू आयुष्मान हॉस्पिटल

**दुर्ग:** ए.पी. सर्जिकल सेंटर, आई.एम.आई. हॉस्पिटल, ओम हॉस्पिटल, साईं कृपा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, गंगोत्री हॉस्पिटल

**गरियाबंद:** सोमेश्वर हॉस्पिटल

**महासमुंद:** सेवा भवन हॉस्पिटल

**रायपुर:** जौहरी हॉस्पिटल, महादेव हॉस्पिटल, न्यू रायपुरा हॉस्पिटल, शिवम हॉस्पिटल, सौभाग्य हॉस्पिटल, जैन हॉस्पिटल, लक्ष्मी हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी होम, सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, वरदान हॉस्पिटल, वासुदेव मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, श्री रामा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, माँ शारदा नर्सिंग होम, ओम नेत्र केंद्र एवं लेजर विजन

#### 12 अस्पताल : जवाब ना देने के कारण बाहर

प्रदेश के 12 निजी अस्पतालों की संबद्धता इसलिए समाप्त कर दी गई है, क्योंकि इन्होंने जानकारी अपडेट नहीं की गई। इसके अलावा इनसे पूछे गए सवालों का जवाब भी प्रबंधन द्वारा नहीं दिया गया। डेटा अपडेट न करने या पूछे गए सवालों का जवाब न देने के कारण निलंबित किए गए अस्पतालों में भी सर्वाधिक रायपुर के ही हैं।

**जीपीएम:** पिनाकी शोभा हॉस्पिटल एवं मैटरनिटी केयर

**जांजगीर-चांपा:** एम.डी. मोदी मेमोरियल हॉस्पिटल

**कोंडागांव:** नेताम हॉस्पिटल एवं इनफर्टिलिटी सेंटर

**महासमुंद:** श्री उत्तम साईं केयर हॉस्पिटल

**रायपुर:** श्री दानी केयर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, श्री कृष्णा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, श्री महावीर हॉस्पिटल, श्री साईं राम हॉस्पिटल, कालड़ा नर्सिंग होम, कान्हा मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, प्रज्ञा हॉस्पिटल, लाइफ केयर हॉस्पिटल

#### 26 अस्पताल : रोका गया भुगतान

प्रदेश के 26 अस्पतालों का भुगतान और नई अनुमति दस्तावेजों की कमी और दोबारा आवेदन न करने की वजह से रोक दी गई है। जारी आदेश के अनुसार, इन अस्पतालों के दस्तावेज पूर्ण नहीं हैं। इस सूची में भी सर्वाधिक नाम रायपुर के ही हैं।

**बालोद:** शकुंतला हॉस्पिटल

**दुर्ग:** सुविधा हॉस्पिटल

**कबीरधाम:** रूप जीवन हॉस्पिटल

**महासमुंद:** श्री राधे कृष्णा केयर हॉस्पिटल

**रायपुर:** पांडे नर्सिंग होम, दृष्टि नेत्रालय, वैदेही हॉस्पिटल, अनंत हॉस्पिटल, श्री साईं केयर हॉस्पिटल, अनुष्का हॉस्पिटल, ममता हॉस्पिटल, लालमती मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, कर्मा हॉस्पिटल, श्री राम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, श्रीमाँ शारदा आरोग्यधाम हॉस्पिटल, रूपजीवन हॉस्पिटल, श्री दानी केयर हॉस्पिटल, जीवन अनमोल हॉस्पिटल, सद्भावना हॉस्पिटल, एकता इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, चंद्रानी सरदारीलाल आई एवं ईएनटी हॉस्पिटल, रावतपुरा सरकार हॉस्पिटल, आस्था मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल, छत्तीसगढ़ आई हॉस्पिटल, शाश्वत हॉस्पिटल

# केरलम-असम में टूटा रिकॉर्ड, पुडुचेरी ने सबको छोड़ा पीछे

- असम में 85 .04, पुडुचेरी में 90 और केरलम 78 .01 फीसदी वोटिंग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

असम, केरलम और पुडुचेरी में वोटिंग खत्म हो गई है। तीनों राज्यों में बंपर वोटिंग हुई और कहीं से कोई बड़ी घटना की खबर नहीं आई। सभी ईवीएम मशीनें सील कर दी गई हैं। चुनाव आयोग ने शाम 6 बजे तक तीनों राज्यों में वोटिंग का आंकड़ा जारी कर दिया है। पुडुचेरी में सबसे ज्यादा 89.08 फीसदी मतदान हुआ। असम में 85.04 फीसदी वोट पड़े. केरलम में 78.01 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। तीनों राज्यों में इसे अच्छा मतदान माना जा रहा है. पुडुचेरी में सबसे ऊंचे आंकड़े को लेकर वहां के स्थानीय नेता और पार्टी कार्यकर्ता काफी खुश नजर आए। असम में भी मतदाताओं का उत्साह साफ दिखा। केरलम में पिछले कुछ चुनावों की तुलना में थोड़ा कम रहा लेकिन फिर भी इसे ठीक-ठाक माना जा रहा है।

### असम में हिंसा, करीब 30 घायल सात गिरफ्तार

असम में गुरुवार को चुनाव संबंधी हिंसा में करीब 30 लोग घायल हुए और सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। श्रीभूमि जिले के पथारकंडी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार कार्तिक सेना सिन्हा कथित तौर पर रंगमती मतदान केंद्र में घुस गए और पीठासीन अधिकारी से बहस करने लगे। उन्होंने कहा, उन्होंने दावा किया कि फर्जी मतदाताओं ने असली लोगों के वोट डाले। जब पीठासीन अधिकारी ने इस आरोप का खंडन किया, तो उन्होंने ईवीएम तोड़ दी।

### केरलम में टूटा रिकॉर्ड

केरलम में पिछले 49 सालों में दूसरी सबसे ज्यादा वोटिंग हुई, यहां 78.01% वोट डाले गए। 1977 में रिकॉर्ड 79.2% मतदान हुआ था। वहीं पुडुचेरी में 89.81% मतदान हुआ।

# 70 साल बाद पहाड़ी कोरवाओं को मिलेगी उनकी 'माटी'

## छल से कब्जा की गई 31 एकड़ जमीन वापसी का आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जशपुरनगर

खास खबर

आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों को लेकर कलेक्टर ने ऐतिहासिक आदेश जारी करते हुए, वर्ष 1955 में छल-कपट के जरिए कब्जाई गई पहाड़ी कोरवा (राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र मानी जाने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति) की 31.31 एकड़ भूमि के हस्तांतरण को 'शून्य' घोषित कर दिया है। यह फैसला इस मायने में क्रांतिकारी है कि इसने दशकों पुराने उस भ्रम को तोड़ दिया है कि आदिवासी से आदिवासी के बीच हुए पुराने जमीन सौदों को चुनौती नहीं दी जा सकती। अति पिछड़ी जनजाति (पहाड़ी कोरवा) ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पूर्व आदेश को किया निरस्त

कलेक्टर जशपुर ने अनुविभागीय अधिकारी के पूर्व आदेश को निरस्त कर दिया है। उन्होंने राजस्व विभाग को सख्त निर्देश दिए हैं कि ग्राम करदनापाठ की विवादित 31.31 एकड़ भूमि को तत्काल मूल भू-स्वामी के विधिक वारिसों (भन्जू एवं अन्य) के नाम पर दर्ज कर रिकॉर्ड अपडेट किया जाए।

### सख्त चेतावनी

यह आदेश उन लोगों के लिए एक सख्त चेतावनी है जो धर्मांतरण की आड़ में या आदिवासी पहचान का लाभ उठाकर विशेष पिछड़ी जनजातियों की जमीनों को कपटपूर्ण तरीके से हड़प रहे हैं। जशपुर कलेक्टर का यह फैसला उन हजारों आदिवासियों के लिए उम्मीद की किरण है जिनकी जमीनें दशकों पहले नियमों को ताक पर रखकर छीनी गई थीं।

### क्यों ऐतिहासिक है यह फैसला?

न्यायालय ने सूक्ष्म कानूनी बारीकियों और दस्तावेजों का अध्ययन कर निष्कर्ष निकाला कि धारा 170(ख) का कवच न्यायालय ने स्पष्ट किया कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 170(ख) का दायरा अत्यंत व्यापक है। इसमें 'प्रत्येक व्यक्ति शब्द शामिल है, जिसका अर्थ है कि यदि खरीदार आदिवासी भी है, लेकिन उसने छल या नियमों का उल्लंघन कर जमीन ली है, तो उसे संरक्षण नहीं मिलेगा। 1959 के पूर्व के नियमों का उल्लंघन कलेक्टर ने पाया कि 1959 की संहिता से पहले भी मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1954 प्रभावी थी। उस समय भी जमीन हस्तांतरण की सूचना सक्षम अधिकारी को देना अनिवार्य था, जिसका पालन ▶▶| शेष पेज 6 पर

### इंग्लिश फॉरेन या इंडियन लैंग्वेज असमंजस में स्कूल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध स्कूलों में इसी सेशन यानी एकेडमिक सेशन




2026-27 से तीन भाषाएं पढ़ाई जाएंगी। मसलन, इसी सेशन से क्लास 6 से ऊपरी क्लास के स्टूडेंट्स तीन भाषाएं पढ़ेंगे। सीबीएसई ने सभी स्कूलों को क्लास 6 में तीसरी भाषा (आर-3) शुरू करने का निर्देश दिया है। सीबीएसई ने ये स्पष्ट किया गया है कि यह फैसला हाल ही में जारी नए स्कीम ऑफ स्टडीज के तहत लिया गया है, जो नेशनल एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत लागू किए जा रहे तीन भाषा फॉर्मूला का हिस्सा है। सीबीएसई ने कहा कि इस फैसले का उद्देश्य स्टूडेंट्स की भाषा समझ और ज्ञान को मजबूत करना है। सीबीएसई के इस फैसले को स्कूल प्रिंसिपल असमंजस में है। स्कूल प्रिंसिपल इंग्लिश की कैटेगरी तय ना होने की वजह से असमंजस में हैं।

# महिला आरक्षण बिल पर केंद्र की मुहर पीएम बोले-अब और टालना ठीक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

देश में महिला आरक्षण विधेयक के संशोधन पर राजनीति तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इस बीच, पीएम मोदी ने साफ कर दिया है कि अब समय आ गया है जब इस ऐतिहासिक बदलाव को हकीकत में बदला जाए. उनका मानना है कि महिलाओं को राजनीति में उनका हक देना अब और टाला नहीं जा सकता। केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन ▶▶| शेष पेज 6 पर

## केबिनेट में मंजूरी, विशेष संसद सत्र में पेश हो सकता है संशोधन विधेयक



### एक तिहाई सीटें महिलाओं के नाम

सरकार द्वारा प्रस्तावित संशोधनों में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को जनगणना और परिसीमन से अलग करने की बात सामने आई है। यदि 2011 की जनगणना के आधार पर सीटों ▶▶| शेष पेज 6 पर

### पीएम की अपील का भाजपा ने किया समर्थन

भाजपा ने महिला आरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों और आम सहमति बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का समर्थन करते हुए कहा कि ये प्रस्तावित संशोधन लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व को मजबूत करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि प्रधानमंत्री ने महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधनों पर आम सहमति बनाने के लिए सभी दलों से साथ आने की अपील की है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, महिला आरक्षण विधेयक संसद और विधानसभाओं में अधिक प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा। पार्टी के एक अन्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सशक्तीकरण की दिशा में 'ऐतिहासिक छलांग' बताया। उन्होंने कहा, विधायी संस्थाओं में महिलाओं के पर्याप्त प्रतिनिधित्व के बिना एक मजबूत राष्ट्र अधूरा रहता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नारी शक्ति वंदन अधिनियम वास्तविक सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक छलांग है।

## सबरीमला मामले पर तीसरे दिन परंपराओं पर बहस

# कई मंदिरों में औरत बनकर जाते हैं आदमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

सबरीमाला मुद्दे को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई जारी है। गुरुवार को इस सुनवाई का तीसरा दिन है। नौ जजों की संवैधानिक पीठ ने इस मामले की सुनवाई के लिए सात संवैधानिक सवाल तय किए हैं। सुप्रीम कोर्ट में हो रही बहस इन्हीं सवालों पर आधारित है और इसी दायरे में रहकर तर्क किए जा रहे हैं, लेकिन ये दायरा भी इतना फैला हुआ है कि बहस में कई मुद्दे शामिल हो जा रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि, 'मैंने ऐसे मंदिरों के उदाहरण दिए हैं, जहां पुरुषों को जाने की अनुमति नहीं है। वहां पुरुष पुजारियों के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### क्या बोले चीफ जस्टिस?

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि, मैंने अपनी दलीलों को केवल अनुच्छेद 25 और 26 के मुद्दे तक सीमित रखा है। मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण जैसे मुद्दों पर मैंने अपनी बात नहीं रखी है। वहीं, सीजेआई ने कहा कि हम केवल अपने सामने मौजूद 7 कानूनी सवालों पर ही विचार कर रहे हैं. सॉलिसिटर जनरल ने केंद्र सरकार की ओर से अपनी दलीलें पूरी कर ली हैं।



### सबरीमाला की परंपराओं को लेकर भ्रम बना

सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता वैद्यनाथन ने सबरीमाला की परंपरा के बारे में बात की. उन्होंने कहा कि, 'सबरीमाला मंदिर में ऐसा कोई भेदभाव नहीं किया जाता कि वहां ईसाइयों या मुसलमानों की एंट्री पर कोई रोक है; बल्कि शर्त केवल यह है कि उन्हें अयप्पा की दिव्यता और शक्ति में पूर्ण आस्था और विश्वास होना चाहिए। साथ ही, उन्हें 40 दिनों का 'व्रतम' (व्रत) रखना होगा।

### केरलम के कुछ मंदिरों में खास पहनावों की परंपराएं

इस बात को आगे बढ़ाते हुए जस्टिस सुंदरेश ने कहा कि, केरलम के कुछ मंदिरों में, आप धोती के अलावा पैंट-शर्ट पहनकर नहीं जा सकते और आप यह जिद भी नहीं कर सकते कि आपको शर्ट पहनकर ही मंदिर में जाना है। तब सीजेआई सूर्यकांत ने भी इस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि, गुरुवायुर मंदिर में आप शर्ट पहनकर नहीं जा सकते। आपको शर्ट उतारनी पड़ती है। उत्तर भारत में, जब आप किसी गुरुद्वारे, स्वर्ण मंदिर जाते हैं, तो आपको अपना सिर ढकना पड़ता है। लाखों हिंदू गुरुद्वारे जाते हैं लेकिन वे अपना सिर ढकते हैं। तब जस्टिस बागची ने कहा कि, ये सभी उदाहरण आर्टिकल 26(बी) की बात को सामने रखते हैं।

## चिंतन

# महिला आरक्षण : कठिन है डगर मंजिल की

**आवश्यकता है-** खेती बाड़ी का कार्य करने हेतु फैमिली वाले कि आवश्यकता है जो वहां रहकर कार्य कर सके दोनों मिलाकर तनख्वा- 14000 महीना सम्पर्क करें- 97542 93974 (40497)

**आवश्यकता है-** डेयरी में काम करने के लिए मेहनती एवं ईमानदार लड़कों की अतिशीघ्र आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। तत्काल सम्पर्क करें- अनन्त डेयरी, राजेन्द्र नगर बिलासपुर 7999282845 (40490)

**आवश्यकता है-** Security Guard की आवश्यकता है लोकेशन- आल छत्तीसगढ़, ओड़िशा में 100 गार्ड की आवश्यकता है। गार्ड पेमेन्ट- 15000 PF+ ESIC+ Room free+ Canteen डाक्यूमेन्टस आधार, पैन, मार्क शीट, दो पासपोर्ट फोटो पास बुक सम्पर्क करें- VF Security Service Pvt. Ltd. Raipur 7880190113, 7880190114, 7880190115, 9039990116 (40495)

**आवश्यकता है-** होलसेल मेडिकल एजेन्सी में सेल्समैन एवं गोडाउन हेतु अनुभवी व्यक्ति चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार बायोडाटा, आधार कार्ड सहित सम्पर्क करें- नेशनल मेडिकोज, नागरिक सहकारी बैंक के पास, बृहस्पति बाजार 8098797774 (40498)

**आवश्यकता है-**विज्ञापन एजेन्सी में सुपरवाईजर, ड्राईवर इलेक्ट्रीशियन, फ्लेक्स माउंटिंग हेतु लड़कों एवं एलईडी लेटर कार्य हेतु लड़कियों की आवश्यकता है सम्पर्क करें- सी-15 ग्राउण्ड फ्लोर, नारायण प्लाजा, बिलासपुर 62645 50163, 9685542250, 9644004113 (40475)

**आवश्यकता है-** अस्पताल में जनरल ड्यूटी कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है। पूर्ण बायोडाटा के साथ सम्पर्क करें- आशीर्वाद लेजर फेको नेत्र चिकित्सालय, आईजी ऑफिस रोड नेहरु चौक बिलासपुर 07752402070 (40501)

**आवश्यकता है-** नर्सिंग होम में कार्य करने के लिए ट्रेण्ड नर्स व कम्पाउंडर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-जय अम्बे नर्सिंग होम रिंग रोड नम्बर-2 महाराणा प्रताप चौक बिलासपुर 9981970853 (40496)

**आवश्यकता है-** सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़की/ लड़को की। लड़कों के पास स्वयं का बाइक अनिवार्य, समान छोड़ने लाने हेतु, (10वी, 12वीं), सम्पर्क- श्री विनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 (40493)

**आवश्यकता है-** होटल में साफ सफाई हेतु लड़के एवं किचन कार्य हेतु कुक चाहिए रहने खाने की सुविधा उपलब्ध सम्पर्क करें- मौसाजी होण्डा शोरूम के पास नूतन चौक बिलासपुर 9522144493, 9131668366, 8759333338 (40499)

**आवश्यकता है-** कैंटीन में काम करने, नाश्ता, खाना बनाने हेतु दो लोगों की आवश्यकता है है जिनके पास गाड़ी हो तुरन्त सम्पर्क करें- पद्मावती नाश्ता और टिफिन सेन्टर, मंगला बिलासपुर 9755655055 (40484)

Required - Accounts Teacher Post - 1 Qualification M.Com (B.Ed), Pre Primary Teacher Post-1 Minimum Qualification Graduate, School Driver Post-1 Interested Candidate may apply with Biodate at Dhaniram Memorial School Barpali 74406 29999 (20986)

**आवश्यकता है-**फैक्ट्री में लोडिंग अनलोडिंग हेतु हमाल, एवं एक ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- श्री शारदा इण्डस्ट्रीज, इण्डस्ट्रीयल एरिया, तिफरा बिलासपुर 78699 19759 (40479)

**आवश्यकता है-**फील्ड वर्क, पेमेंट रिकवरी, ऑफिस कम्प्यूटर ऑपरेटर बिजी GST अकाउंट, कोटेशन के जानकार लड़के/ लड़की मिस्त्री मैकेनिक मेंटेनेंस हेतु लड़के चाहिए पता- गुरुद्वारा के बाजू में गोड़पारा बिलासपुर 9669211111, 9827175811 (40481)

**आवश्यकता है-** थोक दवा दुकान में माल निकालने, जमाने हेतु लड़कों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन 8000, सम्पर्क करें- नितिन मेडिकल एजेन्सी 34, मेडिकल काम्पलेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर 7430000011 (40489)

**आवश्यकता है-** कार चलाने हेतु अनुभवी लाइसेन्सी, जिम्मेदार ड्राइवर की आवश्यकता है। शहर के रास्तों की जानकारी हो। जिसे वेतन योग्यतानुसार। सम्पर्क करें- महेन्द्र जेम्स एण्ड ज्वेलर्स मेन रोड तेलीपारा बिलासपुर 9171325702 (40483)

**आवश्यकता है-**तखतपुर (बिलासपुर) स्थित राइस मिल में न्यूनतम 10 वर्ष अनुभवी मशीन ऑपरेटर (मिस्त्री) की आवश्यकता है जिसे अच्छा वेतन एवं रहने की व्यवस्था प्रदान की जाएगी सम्पर्क करें- 8754507712, 79873 09303 (40467)

**आवश्यकता है-**हार्डवेयर एवं बोर्ड गोदाम में कार्य हेतु लेबर, सुपरवाइजर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें- मोदी हार्डवेयर, अग्रवाल मिट्टी तेल गोदाम, अल्ट्राटेक सीमेन्ट गोदाम के पहले, औद्योगिक क्षेत्र, तिफरा बिलासपुर 7415515151 (40478)

**आवश्यकता है-**सुपर बाजार में हेल्पर कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 8000+ बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- अपना सुपर बाजार SBI ATM के पास, रिंग रोड नं.-2, बिलासपुर 7470592624 (40477)

**आवश्यकता है-**Ammaji Traders Field Officer, Salesman की आवश्यकता है। प्रारंभिक वेतन 15000 रहेगा, कार्य के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। बाहरी कार्य हेतु इच्छुक उम्मीदवार सम्पर्क करें- 8962151642, 6266732985 (40482)

**आवश्यकता है-**सुरक्षागार्ड गनमैन, सुपरवाइजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड ऑफिसर कामवाली बाई। वेतन योग्यता अनुसार आवास फ्री पता- श्रीसांई सिक्युरिटी, सांई निवास कॉम्प्लेक्स, जेजे हॉस्पिटल के बाजू तोरवा बिलासपुर 93011 86703, 8253010291, 8085233213, 72230 26026 (40406)

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर नौकरी सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10+12th )पास लड़के लड़किया, आवेदन करे, कुल सीट-7220 , पद- फॉरेस्ट गार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी सैलरी - (32020 - 44900) आवेदन हेतु - मार्कसीट, आधारकार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो व्हाट्सएप/कॉल करे - 9635451523 (1381)

## बेचना है

**बेचना है-** बिलासपुर में प्राइम लोकेशन महाराणा प्रताप चौक भाटिया पेट्रोल पम्प के सामने रोड से 100मी. दूर, डबल रोड का 2BHK मकान बेचना है (प्लॉट साइज 22×45) सम्पर्क करें- 6265041277, 83619 97770 (40507)

**बेचना है-**सकरी मेन रोड, जैन इंटरनेशनल स्कूल के पास विकसित कॉलोनी में कमर्शियल शॉप्स। बेहतर रेन्टल इंकम। मुख्य सड़क से लगी पॉश कॉलोनी 3BHK प्रीमियम लग्जरी हाउस बेचना है सुविधाएं अंडर ग्राउंड इलेक्ट्रीसिटी, 24×7 CCTV, क्लब हाउस, गार्डन, मन्दिर सीमित यूनिट्स सम्पर्क- 7799957000, 8109412221 (40424)

**बेचना/किराया है-** रिंग रोड नम्बर 2 पर सिद्ध शिखर अपार्टमेन्ट में 2BHK फ्लैट एवं लिंगियाडीह शॉपिंग सेन्टर में 12×20 की दुकान बेचना है या किराए से देना है। सम्पर्क करें- 9039591990 (40488)

**बेचना है-** 55x40 मेन डामर रोड डबल स्टोरी पुराना मकान बना, ग्राम मोहरा 22लाख एवं 280 फ्रंट 29 डिसमिल डामर नहर रोड सेमरताल मौके पर 50 डिसमिल 650/- फुट सम्पर्क- 9827938236, 8770963388 (40485)

**बेचना है-** प्राइम लोकेशन बेलेजा सैलून के पीछे नर्मदा नगर बिलासपुर में 3BHK 2400 वर्गफुट में निर्मित मकान बेचना है रेट 1.60 करोड़ सम्पर्क करें- 7898198271, 9301588883 (40491)

**बेचना है-**जांजगीर पुटपुरा चौक नेशनल हाईवे मार्ग में चन्देल पेट्रोल पम्प से आगे 50 फुट चौड़ा, 13 डिसमिल जमीन शीघ्र बेचना है सम्पर्क करें- 9009459938, 97540 94457 (40474)

**बेचना है-** 22×136 कॉर्नर प्रॉपर्टी 120 फीट मेन रोड में नीचे दुकान ऊपर मकान, डबल स्टोरी आरके पेट्रोल पम्प से 50 मीटर चाटीडीह वाली रोड में बेचना है सम्पर्क करें- 7987500965, 83498 09274 (40512)

**बेचना है-** (1) सकरी मेन रोड पूर्ण विकसित कॉलोनी सागर होम्स में 33×55= 1855 वर्गफीट डबल रोड प्लॉट (2) गीतांजली सिटी फेज-॥ में 30×50= 1500 वर्गफीट प्लॉट बेचना है सम्पर्क करें- 9827164787 (40513)

**बेचना है-** नरगोड़ा सीपत में 0.049 हेक्टेयर भूमि बेचना है। केवल खरीदार ही सम्पर्क करें- 9907147488, 76468 19855, 9826174852 (40502)

## किराया

**किराया -** बिलासपुर शहर के सिम्स चौक जूनी लाइन मोड़ पर स्थित 10×15 की डुप्लेक्स दुकान फर्निचर सहित एवं कोसा क्रियेशन शोरूम के ऊपर प्रथम तल पर 1250 वर्गफुट हॉल टायलेट सहित किराये से देना है। व्यवसाय हेतु इच्छुक सम्पर्क करें- 9340664511 (40500)

## फायनेंस

**फायनेंस -** प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्कः- 7489545029 (1382)

Advertisement Booking Time 10.30 AM to 4.00 PM

Medicare Specialists
सोरायसिस एवं चमड़ी रोग
वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लिनिक आई.एस. ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.) डॉ. बी.के. अग्रवाल बी.ए.एम.एस. (यौन समस्या) निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
94255-55659, 93039-48500 96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8
छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081 9083218330

## सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक, कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586

# आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स को पहली बार नहीं चौथी बार मिली 1 रन से हार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 14वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 1 रन करीबी हार का सामना करना पड़ा। अरुण जेटली स्टेडियम में हुए मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 210/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में डीसी की टीम 209/8 का स्कोर ही बना सकी। डीसी को आईपीएल इतिहास में 4 चौथी बार 1 रन से हार मिली है, जो सर्वाधिक है।

### सीएसके के खिलाफ 2015 में पहली हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से पहली हार 2015 में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 9वें मुकाबले में सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ड्वेन स्मिथ (34) और फाफ डु प्लेसिस (32) की पारियों से 150/7 का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम एल्बी मोर्कल (73) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 9 विकेट के नुकसान पर 149 रन ही बना पाई थी।



### गुजरात के खिलाफ 2016 में दूसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से दूसरी हार आईपीएल 2016 में गुजरात लायंस के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 23वें मुकाबले में जीएल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्रेंडन मैकुलम (60) और ड्वेन स्मिथ (52) की अर्धशतकीय पारियों से 172/6 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी क्रिस मॉरिस (82) और जेपी डुमिनी (48) की पारियों के बाद भी 5 विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी।

### आरसीबी के खिलाफ 2021 में तीसरी हार

डीसी को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से तीसरी हार 2021 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ मिली थी। उस संस्करण के 22वें मुकाबले में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए एबी डिविलियर्स (75) और रजत पाटीदार (31) की पारियों के दम पर 171/5 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम ऋषभ पंत (58) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 4 विकेट के नुकसान पर 170 रन ही बना पाई थी।

### गुजरात टायटंस के खिलाफ 2026 में चौथी हार

दिल्ली कैपिटल्स को आईपीएल इतिहास में अपनी 1 रन से चौथी हार वर्तमान में यानी 2026 में जीटी के खिलाफ मिली है। इस संस्करण के 14वें मुकाबले में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान शुभमन गिल (70), वाशिंगटन सुंदर (55) और जोस बटलर (52) की पारियों के दम पर 210/4 का स्कोर खड़ा किया था। लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसी की टीम केएल राहुल (92*) की अर्धशतकीय पारी के बाद भी 8 विकेट के नुकसान पर 209 रन ही बना पाई।

मुकाबला आज गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रात 7:30 बजे से

# आज होगी राजस्थान और आरसीबी के बीच भिड़ंत, लगातार जीत से उत्साहित हैं दोनों टीमें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गुवाहाटी इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का 16वां मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दोनों ही टीमें लगातार मिल रहीं जीत के कारण उत्साहित हैं। इस मैच में देखना यह होगा कि कौन सी टीम अपनी जीत की लय को बरकरार रखती है और कौन जीत हासिल करने से चूकती है। आईपीएल के इस संस्करण में आरसीबी ने 2 मुकाबले खेले हैं और उसे दोनों ही मैच में जीत मिली है। वहीं, राजस्थान रायल्स ने रियान पराग की कप्तानी में 3 मुकाबले खेले हैं और उसने भी सभी मैचों में जीत दर्ज की है। ऐसे में एक जोरदार भिड़ंत देखने को मिल सकती है। आरआर और आरसीबी के बीच यह मुकाबला आज 10 अप्रैल को गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रात 7:30 बजे से खेला जाएगा।



### आरआर के खिलाफ आरसीबी का पलड़ा रहा है भारी

आईपीएल में दोनों टीमों के बीच अब तक 34 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान आरसीबी ने 17 मैच अपने नाम किए हैं। राजस्थान रायल्स को 14 मुकाबलों में जीत मिली है। तीन मैच में नतीजा नहीं निकल पाया है। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच 2 मैच हुए थे। उसे आरसीबी ने जीता था। पहला मैच उसने 9 विकेट और दूसरा मैच 11 रन से जीता था। वहीं, आईपीएल 2024 के दोनों मैच आरआर ने अपने नाम किया था।

### टीमें इस प्रकार

**आरसीबी** : फिलिप सॉल्ट, विराट कोहली, देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, क्रुणाल पांड्या, भुवनेश्वर कुमार, अभिनंदन सिंह और जैकब डफी।

**राजस्थान रायल्स** : यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), शिमरॉन हेटमायर, डोनोवन फरेरा, रविंद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा।

## लखनऊ की लगातार दूसरी जीत, कोलकाता हारी



**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने लगातार दूसरी जीत हासिल की है। टीम ने गुरुवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को 3 विकेट से हराया। टीम को आखिरी 18 बॉल पर 43 रन चाहिए थे और 7 विकेट गिर चुके थे। ऐसे में मुकुल चौधरी ने 27 बॉल पर नाबाद 54 रन की पारी खेलकर टीम को हारा हुआ मैच जिता दिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 181 रन बनाए। 182 रन का टारगेट लखनऊ ने 20 ओवर में 7 विकेट पर हासिल कर लिया। मुकुल चौधरी ने छक्का लगाकर मैच टाई कराया। उसके बाद बाई का एक रन दौड़कर टीम को जीत दिलाई। यहां विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी का थ्रो नहीं लगा।

## खालिन ने कायम की आंध्र ओपन में तीन शॉट की बढ़त



**विशाखापत्तनम।** खालिन जोशी ने एक अंडर 70 का कार्ड खेल बृहस्पतिवार को यहां आंध्र ओपन 2026 के तीसरे दौर के बाद कुल सात अंडर 206 के स्कोर के साथ तालिका में शीर्ष पर तीन शॉट की बड़ी बढ़त कायम कर ली है। बेंगलुरु के 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि वाली इस प्रतियोगिता के शुरुआती दो दौर में समान 68-68 के कार्ड खेले थे। डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई में छह बार के इस विजेता खिलाड़ी के पास अब चार साल के खिताबी सूखे को खत्म करने का अच्छा मौका है।

उन्होंने अपना पिछला खिताब अगस्त 2022 में कोयंबतूर में जीता था। यश-राशिद संयुक्त दूसरे स्थान पर दुबई के यश मजमुदार (71-69-69) और दिल्ली के राशिद खान (70-72-67) चार अंडर 209 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। मजमुदार ने तीसरे दिन 69 का स्कोर बनाया, जबकि राशिद ने दिन का सर्वश्रेष्ठ 67 का कार्ड खेलकर अच्छी वापसी की। एशियाई टूर पर सबसे कम उम्र के भारतीय विजेता कोलकाता के विराज मदप्पा (69-71-71) दो अंडर 211 के स्कोर के साथ ग्रेटर नोएडा के अर्जुन शर्मा (71-70-70) के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं।

एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# प्रीति, मीनाक्षी, प्रिया और अरुंधति ने स्वर्ण पदक जीता



एजेंसी ▶▶| मउलानबटोर (मंगोलिया)

मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी हुड्डा और प्रीति पवार की अगुवाई में भारत की चार महिला मुक्केबाजों ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में जीत के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किए। मीनाक्षी (48 किलोग्राम) और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलोग्राम) के साथ प्रिया घंघास (60 किलोग्राम) और विश्व मुक्केबाजी कप की स्वर्ण पदक विजेता अरुंधति चौधरी (70 किलोग्राम) ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत की अल्फिया पठान (80 किलोग्राम से अधिक) ने भी रजत पदक हासिल किया। चैंपियनशिप में अपने एकमात्र मुकाबले में उन्हें कजाकिस्तान की दीना



इस्लम्बेकोवा से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदकों के साथ कुल 10 पदक जीते। कुछ भार वर्गों में हालांकि सीमित भागीदारी के कारण लवलीना बोरगोहेन (75 किलोग्राम), पूजा रानी (80 किलोग्राम) और अल्फिया जैसी खिलाड़ियों को सिर्फ भाग लेने के लिए ही पदक मिल गए।

# आईपीएल के बीच बीसीसीआई का नया फरमान, सिर्फ 16 खिलाड़ियों को ही एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े कई सख्त नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक मैच के दौरान केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में आने या घूमने की अनुमति होगी जिनका नाम टीम शीट में शामिल होगा।

शीट में सिर्फ 16 खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति होगी।नए नियम के मुताबिक टीम शीट में शामिल न होने वाले खिलाड़ी ड्रिंक्स, बैट या ग्लव्स लेकर मैदान में नहीं जा सकेंगे। वे




खिलाड़ियों तक कोई मैसेज भी नहीं पहुंचा सकेंगे। बाउंड्री लाइन के पास केवल 5 खिलाड़ी ही बिब पहनकर घूम सकते हैं। बाकी खिलाड़ियों को डगआउट में ही रहना होगा।

### कौन-कौन होंगे शामिल

रिपोर्ट के मुताबिक, नए नियम के अनुसार प्रत्येक टीम अपने खिलाड़ियों की शीट में 16 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसमें 11 खिलाड़ी वे होंगे जो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, इम्पैक्ट सब के रुप में 1 और 4 खिलाड़ी रिजर्व के रूप में रखे जा सकते हैं। इन 16 खिलाड़ियों के अलावा मैदान में टीम का कोई भी अन्य सदस्य मैदान पर प्रवेश नहीं कर सकेगा।

### नियमों का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई

सूत्रों के मुताबिक, टीम प्रबंधन को साफ निर्देश दिए गए हैं कि मैच के दौरान सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों की अनावश्यक आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। बाउंड्री लाइन और एलइडी विज्ञापन बोर्ड के बीच केवल सीमित खिलाड़ियों को ही रहने की अनुमति होगी। इन नियमों का पालन न करना टीम और खिलाड़ियों की मुश्किल बढ़ा सकता है।

### इस कारण से लाए गए नए नियम

माना जा रहा है कि यह नया नियम एमपीसी (मैच खेलने की शर्तों) के क्लॉज 11.5.2 और 24.1.4 को और सख्ती से लागू करने के लिए लाया गया है। क्लॉज 11.5.2 के मुताबिक, बिना अंपायर की अनुमति के मैदान पर ड्रिंक्स ले जाना या समय बर्बाद करना नियमों के खिलाफ है। नियमों को और भी किया जा सकता है सख्त बीसीसीआई इन नियमों को और भी कड़ा करने का विचार कर रही है।

## दादरा-नगर हवेली, यूपी व पंजाब सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी में जीते

**राजगीर (बिहार)।** पंजाब, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश ने बृहस्पतिवार को यहां 16वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में डिवीजन 'ए' क्वार्टर फाइनल मुकाबले जीते। दिन के पहले मैच में दादरा और नगर हवेली



तथा दम और दीव ने चंडीगढ़ को 2-1 से हराया। दूसरे क्वार्टर फाइनल में पंजाब ने झारखंड को 5-3 से शिकस्त दी। तीसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश ने ओडिशा को 6-3 से हराया। दिन के अंतिम मैच में मध्य प्रदेश और हरियाणा ने गोल रहित ड्रॉ खेला जिसके बाद मध्य प्रदेश ने शूट आउट में 4-3 से जीत दर्ज की।

**राजस्व मण्डल छत्तीसगढ़, बिलासपुर**
**नोटिस**
क्रमांक 939/वाचक/अ./रा.मं./2026,
बिलासपुर, दिनांक 06/04/2026
पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक आर.एन./02/आर/अ-06/83/2024
पेशी दिनांक 06/05/2026
संगीता शर्मा – पुनरीक्षणकर्ता
**विरूद्ध**
इंदा वगैरह – अनावेदकगण
प्रति
1. रामेशरी यादव पति राम संजीवन यादव निवासी ग्राम मरजादपुर तहसील व जिला कवर्धा (छ.ग.) 2. कलेसरी यादव पति लक्ष्मण यादव निवासी खिसोराभाठा, तहसील अकलतरा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) 3. जगेसरी यादव पति मोतीलाल यादव निवासी ग्राम नवापारा निपनिया, तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) 4. कांति यादव पति लछन यादव निवासी ग्राम खिसोराभाठा, तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) 5. राज पिता स्व कामता निवासी ग्राम खैरा, जयरामनगर, तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) 6. मंजू पति प्रवीण यादव उर्फ मोनू निवासी पंडरिया राहोद पामगढ़ के पास, तहसील पामगढ जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.) 7. नेहा पति शिवा यादव ग्राम बकरकुदा, तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)
पुनरीक्षणकर्ता संगीता शर्मा पति अजय शर्मा साकिन ग्राम जयरामनगर (खैरा), तहसील मस्तूरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.) हालमुकाम पुराना बस स्टैण्ड इमलीपारा, गली नं 03, अग्रोहा भवन के सामने बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपर आयुक्त बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 270/अ-06/2021-22, में पारित आदेश दिनांक 29/09/2023 के विरूद्ध छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत की है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06/05/2026 को दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में नियत है। अतः इस नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता. जो मामले की पूर्ण जानकारी रखते हों, के माध्यम से पेशी तारीख 06/05/2026 दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यदि उक्त दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर इस न्यायालय में उपस्थित होवें।
दिनांक 06.04.2026
(माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा आदेशित)
अधीक्षक
राजस्व मण्डल छत्तीसगढ
बिलासपुर

**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**
**रुचि की अभिव्यक्ति (ई.ओ.आई.)**
नि.क्रं.06/न.पा.नि./जोन क्रं.-5/2026-27 बिलासपुर दिनांक 09/04/2026
जोन क्रं. 05 अन्तर्गत शासकीय सामुदायिक भवनों के संचालन हेतु इच्छुक व्यक्ति, संस्था, एन.जी.ओ./अन्य से निविदा दिनांक 30/04/2026 सायंकाल 05:00 बजे तक जोन आयुक्त, जोन क्र. 05 थाना सिटी कोतवाली के सामने शासकीय औषधालय के पीछे बिलासपुर छ.ग. के पते पर स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है। प्राप्त ऑफर दिनांक 30/04/2026 को सायंकाल 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोला जावेगा। इस संबंध में प्री-बिड मिटिंग दिनांक 13/04/2026 को दोपहर 12:00 बजे जोन क्र. 05 थाना सिटी कोतवाली के सामने शासकीय औषधालय के पीछे बिलासपुर छ.ग. में आयोजित है।

| क्र. | कार्य का विवरण |
|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 30 स्थित मनसुख लाल सोनी सामुदायिक भवन |
| 02 | वार्ड क्र. 30 गोवर्धन लाल गुप्ता सामुदायिक भवन |
| 03 | वार्ड क्र. 31 शेख गफ्फार सामुदायिक भवन |
| 04 | वार्ड क्र. 31 शहीद विनोद चौबे सामुदायिक भवन |

शेष नियम व शर्तें जोन कार्यालय जोन क्र. 05 एवं विभागीय वेबसाईट www.bilaspurnagarnigam.com से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
जोन कमिश्नर (05)
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)
पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयोग न करें।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
e-mail - cmoramanujganj@rediffmail.com
क्रमांक/520/ई-टेण्डर/लो.नि.शा./2026-27 रामानुजगंज, दिनांक 09/04/2026
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**
एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद् रामानुजगंज में 15 वॉ वित्त मद अंतर्गत निर्माण कार्य हेतु एकल पंजीयन में पंजीकृत सक्षम निविदाकारों से निम्न कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार है:-


| क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | ऑनलाईन निविदा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 188681 | वार्ड क्र. 01 से 15 तक पाईप लाईन विस्तार कार्य। | 83.26 | 01.05.2026 |

नोट :- उपरोक्त कार्य की निविदा की नियम एवं शर्ते कार्यालयीन समय में संबंधित शाखा प्रभारी से प्राप्त की जा सकती है। एवं छत्तीसगढ़ शासन के ई- प्रोक्यूमेंट पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर अवलोकन/डाउनलोड किया जा सकता है।
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

**homefirst** We'll take you home
**Home First Finance Company India Limited**
CIN: L65990MH2010PLC240703 Website: homefirstindia.com
Phone No.: 180030008425 Email ID: loanfirst@homefirstindia.com
**कब्जा सूचना**
**संदर्भ: सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के उप-नियम (1) के तहत कब्ज़ा नोटिस**
चूंकि अधोहस्ताक्षरी, होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 के अधिनियम संख्या 54) के तहत नीचे दी गई संबंधित तिथियों पर जारी मांग सूचना के अनुसरण में एवं सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आप/उधारकर्ताओं, अधोनामों से संबंधित नोटिस प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करने का आह्वान करते हैं। आप/सभी ऋणधारक निर्धारित समय के अंदर उक्त बकाया राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, इसलिए होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड, सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (4) के प्रावधानों के तहत प्रदत्त अधिकार का प्रयोग करते हुए और उसके अंतर्गत नियमों का पालन करते हुए, नीचे उल्लिखित गिरवी संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है:

| क्र. सं. | ऋणधारकों / सह-ऋणधारकों/ जमानतदारों के नाम | बंधक रखी गई संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि | मांग सूचना की तिथि को कुल बकाया राशि (रूपये में) | कब्जा की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेरका प्रसाद राव, पीएम पापा राव, एम रवि | प्लॉट- प्लॉट नंबर 83/4, खसरा नंबर 279/15, शीट नंबर 22, मौजा सिरगिट्टी, प.ह.नं. 41, रा.नि.मं. बिलासपुर, विकास खंड बिल्हा, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व- गुप्ता और अन्य की भूमि, पश्चिम- विश्वकर्मा की भूमि, उत्तर- गुप्ता की भूमि, दक्षिण- सड़क। | 03-02-2026 | 2,061,022 | 07-04-2026 |
| 2. | हर धन पाइक, चन्द्र शेखर पाइक, ज्योत्सना पाइक | प्लॉट- 238/14, प.ह.नं. 43, खसरा नंबर 238 /14 प.ह.नं. 43, मौजा सिरगिट्टी, तहसील एवं जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी- पूर्व- सुनील की भूमि, पश्चिम- रेखा झा की भूमि, उत्तर- निस्तारी रास्ता (सड़क), दक्षिण- अग्रवाल की भूमि। | 03-02-2026 | 1,827,676 | 07-04-2026 |
| 3. | कमल यादव, संतोषी यादव | प्लॉट-ख.नं. 126/94, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी-: पूर्व-गोविंद बाबू और कोमल वर्मा का प्लॉट, पश्चिम - निस्तारी रास्ता (पहुँच सड़क / रास्ता), उत्तर-विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण-विक्रेता का प्लॉट। | 03-02-2026 | 975,679 | 07-04-2026 |
| 4. | राहुल दुआ, अंजू दुआ | प्लॉट-ख.नं. 126/121 (भाग), प.ह.नं. 30, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495001 चौहद्दी: पूर्व - सड़क, पश्चिम - मनीष की भूमि, उत्तर -विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण -विक्रेता का प्लॉट। | 03-02-2026 | 2,186,858 | 07-04-2026 |
| 5. | शोले कुमार लहरे, तुला राम लहरे | प्लॉट-प.ह.नं.1105/9, प.ह.नं. 30, ख.नं. 1105/17, मौजा अमने, प.ह.नं.30, रा.नि.मं. और तहसील कोटा, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़-495113 चौहद्दी: उत्तर - विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण - अन्य की भूमि, पूर्व - सड़क, पश्चिम - अन्य का मकान। | 03-02-2026 | 1,016,439 | 07-04-2026 |
| 6. | मनोज कुमार जांगड़े, अमरौतिन जांगड़े | फ्लैट - मौजा सैदा, खसरा नंबर 37/61, प.ह.नं. 41, तहसील सकरी, जिला बिलासपुर छ.ग., बिलासपुर छत्तीसगढ़ - 495001 चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम - निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-02-2026 | 1,199,675 | 07-04-2026 |
| 7. | सोनू कुमार साहू, चांदनी साहू | खसरा नंबर - 37/62 भाग, मौजा सैदा, महाल संख्या 7, प.ह.नं. 41, आरएनएम - अमसेना, तहसील - सकरी, जिला - बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता का भूखंड, पश्चिम - निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट। दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-02-2026 | 1,148,005 | 07-04-2026 |
| 8. | निखिल चिंचोलकर, राजीव चिंचोलकर | ख.नं. खसरा नंबर 957/1, प.ह.नं. 5, मौजा - कोटा, तहसील - कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495113 चौहद्दी: पूर्व-निस्तारी रास्ता, पश्चिम -विक्रेता का प्लॉट, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-02-2026 | 643,653 | 07-04-2026 |
| 9. | सेवकदास मानिकपुरी, माया मानिकपुरी | ख.नं.957/1, प.ह.नं. 5, मौजा - कोटा, तहसील - कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - सरकारी भूमि, पश्चिम - निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-02-2026 | 841,230 | 07-04-2026 |
| 10. | राहुल गौर, मुन्नी बाई कहार, | खसरा नं.- 957/1, प.ह.नं-5, मौजा - कोटा, तहसील - कोटा, जिला - बिलासपुर (छ.ग.), बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001। चौहद्दी: पूर्व - सरकारी भूमि, पश्चिम मे- निस्तारी रास्ता, उत्तर - विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण - विक्रेता का प्लॉट। | 03-02-2026 | 875,051 | 07-04-2026 |
| 11. | रोहित देवांगन, महेंद्र देवांगन, ज्ञानेश्वर देवांगन | खसरा नं. 64/16, मौजा घुरु, प.ह.नं. 61, रा.नि.मं. सकरी, तहसील - तखतपुर, जिला - बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - अन्य की भूमि, पश्चिम - सड़क, उत्तर - विक्रेता की भूमि, दक्षिण - अन्य की भूमि। | 03-02-2026 | 1,005,839 | 07-04-2026 |
| 12. | विष्णु वासुदेव सोनी, लक्ष्मी सोनी | खसरा नं.-126/87, मौजा पत्थरखान, प.ह.नं. 30, रा.नि.मं. बिल्हा, विकासखंड और तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व-20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम-अब्दुल साहिद की भूमि, उत्तर-अब्दुल साहिद की भूमि, दक्षिण-तस्लीम रजा की भूमि। | 03-02-2026 | 883,573 | 07-04-2026 |
| 13. | भोजराम यादव, गायत्री यादव | खसरा नं.-360/1 भाग, मौजा - मुढ़ीपार, प.ह.नं. 9, रा.नि.मं. - बिल्हा, तह. - बिल्हा, जिला बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, 495001 चौहद्दी: पूर्व - विक्रेता की भूमि, पश्चिम - विक्रेता की भूमि, उत्तर-निस्तारी रोड, दक्षिण - दीपक राठौड़ की भूमि। | 03-02-2026 | 907,597 | 07-04-2026 |

ऋणधारक द्वारा राशि का भुगतान न कर पाने की स्थिति में, ऋणधारक/जमानतदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उपरोक्त तिथि से अधोहस्ताक्षरी ने उपर्युक्त वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है।
ऋणधारकों/जमानतदारों तथा आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे उपरोक्त संदर्भित संपत्तियों/प्रतिभूतियों या उनके किसी भी भाग से संबंधित कोई भी लेन-देन न करें और उक्त संपत्तियों/प्रतिभूतियों से संबंधित कोई भी लेन-देन होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जो ऊपर उल्लिखित राशि के लिए संपत्तियों/प्रतिभूतियों के विरुद्ध देय है और पूर्ण भुगतान होने तक उस पर ब्याज सहित देय है।
ऋणधारक का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उन प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो प्रतिभूत संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय से संबंधित हैं।
स्थान: बिलासपुर, दिनांक: 10-04-2026
अधिकृत अधिकारी: होम फर्स्ट फाइनेंस कंपनी इंडिया लिमिटेड




# बिजली नहीं, अब रोशनी से चार्ज होगा फोन और ईवी!

## वैज्ञानिकों ने बनाई क्वांटम बैटरी, पलक झपकते ही होगी सौ फीसदी फुल

**वॉशिंगटन।** अभी तक क्या आपको भी अपना मोबाइल या इलेक्ट्रिक कार चार्ज करने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। तो अब वैज्ञानिकों ने आपके लिए एक ऐसा डिवाइस बना दिया है, जो सुनने में किसी चमत्कार से कम नहीं है। उन्होंने एक ऐसी क्वांटम बैटरी बनाई है, जो सिर्फ रोशनी का इस्तेमाल करके सुपरफास्ट स्पीड से चार्ज हो जाती है। इस रिसर्च को सीएसआईआरओ, आरएमआईटी और मेलबर्न विश्वविद्यालय ने मिलकर किया है। फिलहाल अभी इसका प्रोटोटाइप तैयार हुआ है। यह रिसर्च आने वाले समय में हमारी ऊर्जा की जरूरतों को पूरी तरह से बदल सकता है।

### क्या है क्वांटम बैटरी?

अभी हम जो मोबाइल या लैपटॉप में बैटरी इस्तेमाल करते हैं, उनमें लिथियम-आयन बैटरियां होती हैं। इन्हें चार्ज करने के लिए बिजली की जरूरत होती है और इसमें काफी समय लगता है। लेकिन, क्वांटम बैटरी 'क्वांटम मैकेनिक्स' के सिद्धांतों पर काम करती है। इसकी सबसे बड़ी खूबी यह है कि यह जितनी बड़ी होगी, उतनी ही तेजी से चार्ज होगी। यह हमारे सामान्य भौतिकी के नियमों से बिल्कुल उल्टा है।



### क्या है रोशनी से चार्ज होने का फंडा

इस नई रिसर्च की सबसे बड़ी बात यह है कि यह बैटरी रोशनी के कणों, मतलब फोटॉन्स को सोखकर चार्ज होती है। वैज्ञानिकों ने एक खास तरह के 'क्वांटम कैविटी' का इस्तेमाल किया है, जो रोशनी को कैद कर लेती है और उसे सीधे ऊर्जा में बदल देती है। इसके लिए आपको किसी बिजली के सॉकेट ष या चार्जर की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### इससे हमारी जिंदगी पर क्या असर पड़ेगा?

अगर यह टेक्नोलॉजी सफल हो जाती है, तो जहां आज के समय में इलेक्ट्रिक कार को चार्ज करने में घंटों लगते हैं, वहीं क्वांटम बैटरी से यह काम पेट्रोल भरवाने से भी कम समय में हो जाएगा। इससे आपको स्मार्टफोन्स और लैपटॉप की चार्जिंग की झंझट भी खत्म हो जाएंगी। ऑफिस की लाइट या सूरज की रोशनी ही आपके गैजेट्स के लिए काफी होगी। इसके साथ ही सौर ऊर्जा को स्टोर करने का यह अब तक का सबसे क्रांतिकारी तरीका साबित हो सकता है।



# पं.रविशंकर त्रिपाठी व चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का किया गया अनावरण



अम्बिकापुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने प्रवास के दौरान संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर में लोनिवि कार्यालय के पास भटगांव के पूर्व विधायक रविशंकर त्रिपाठी एवं आकाशवाणी चौक पर अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक स्व.त्रिपाठी को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा कहा कि वे हमारे प्रेरणास्त्रोत थे, उन्होंने भाजपा संगठन के कई पदों को सुशोभित किया यह सिर्फ मूर्ति नहीं है बल्कि आने वाली पीढ़ी को भी उनकी जिंदादिली और उनकी कर्मठता को याद दिलाते रहेगी। उन्होंने अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का भी अनावरण किया तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन साहस, त्याग और देशभक्ति की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान देकर आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा दी है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को देश के प्रति समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देते हैं। इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चन्देल, लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसपी राजेश अग्रवाल स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

**आर्टेमिस-2 के जांबाजों ने अंतरिक्ष से दिया ये संदेश**

# हमें भूल जाओ, मिशन को याद रखो काम बड़ा होना चाहिए, नाम नहीं

वॉशिंगटन। आमतौर पर जब कोई इंसान इतिहास रचकर अपने घर लौटता है, तो वह चाहता है कि दुनिया उसे पलकों पर बिठाए। उसका नाम इतिहास की किताबों में दर्ज हो और उसे 'सुपरहीरो' की तरह पूजा जाए। लेकिन, आर्टेमिस-2 मिशन के जरिए चांद की दहलीज तक होकर आए चार जांबाज एस्ट्रोनॉट्स की सोच बिल्कुल अलग है। धरती पर कदम रखने से ठीक पहले रीड वाइसमैन और उनकी टीम ने एक ऐसा बयान दिया है, जिसने पूरी दुनिया को हैरान कर दिया है। उन्होंने कहा है कि 'हमें और हमारी उपलब्धियों को भूल जाओ!', लेकिन आखिर इन जांबाजों ने ऐसी 'अजीब' बात क्यों कही। क्या यह उनकी सादगी है या इसके पीछे भविष्य का कोई बड़ा विजन।

### इतिहास बना, लेकिन नजरिया अलग रहा

आर्टेमिस-2 मिशन ने एक बार फिर इंसान को चांद के करीब पहुंचा दिया है। यह सफर सिर्फ टेक्नोलॉजी का नहीं, बल्कि हिम्मत और भरोसे का भी था। इतनी बड़ी उपलब्धि के बाद आमतौर पर लोग अपने नाम और पहचान को लेकर चर्चा में आ जाते हैं, लेकिन यहां कहानी थोड़ी अलग है। इस मिशन के एस्ट्रोनॉट्स ने खुद को चर्चा से दूर रखने की बात कही है।

### हम नहीं, मकसद बड़ा है

मिशन से लौटने के बाद उन्होंने जो बात कही, वही अब सबसे ज्यादा सुर्खियों में है। उनका साफ कहना है कि यह मिशन किसी एक इंसान की उपलब्धि नहीं है। उनके अनुसार, यह हजारों लोगों की मेहनत का नतीजा है। इसमें कई वैज्ञानिक, इंजीनियर, टेक्नीशियन और वे सभी लोग शामिल हैं, जो पर्दे के पीछे काम करते हैं। ऐसे में सिर्फ चार चेहरों को याद रखना सही नहीं होगा।




### अंतरिक्ष से धरती को देखने का अनुभव

जब ये एस्ट्रोनॉट्स चांद के पास पहुंचे, तो उन्होंने धरती को एक अलग नजर से देखा। उनके लिए यह पल सिर्फ वैज्ञानिक नहीं, बल्कि बेहद भावुक था। दूर से नीली धरती को देखकर उन्हें एहसास हुआ कि हमारा घर कितना छोटा है। यही अनुभव उन्हें और भी विनम्र बना गया।

### खतरे के बीच पूरा हुआ सफर

यह सफर जितना रोमांचक था, उतना ही खतरनाक भी था। अंतरिक्ष में जाना और वहां से सुरक्षित लौटना आसान बात नहीं होती है। फिलहाल अभी सभी एस्ट्रोनॉट्स धरती पर वापस आ रहे हैं। अभी भी उनका खतरा टला नहीं है। लेकिन, नासा की तैयारियों और उन्हें अपनी काबिलियत पर पूरा विश्वास है। वापसी के समय स्पेसक्राफ्ट को तेज रफ्तार और भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में हर सेकंड खतरे से भरा होता है। फिर भी ये एस्ट्रोनॉट्स पूरे आत्मविश्वास के साथ इस मिशन को पूरा करने में लगे हैं।

### रिकॉर्ड नहीं, जिम्मेदारी ज्यादा अहम

इस मिशन ने कई मायनों में नया इतिहास बनाया है। दूरी के मामले में भी यह एक बड़ा कदम था। लेकिन, एस्ट्रोनॉट्स का कहना है कि रिकॉर्ड बनाना ही सब कुछ नहीं होता। असली बात यह है कि इससे आगे का रास्ता तैयार होता है। अब आने वाले मिशनों के लिए जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है।

### सादगी ने जीता लोगों का दिल

आज के समय में जहां हर उपलब्धि के साथ शोहरत जुड़ जाती है, वहां इन एस्ट्रोनॉट्स की सादगी लोगों को अलग नजर आ रही है। वे खुद को हीरो मानने से इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि असली हीरो वे लोग हैं, जो पर्दे के पीछे रहकर इस मिशन को सफल बनाते हैं। उनकी यह सोच सिर्फ एक बयान नहीं, बल्कि एक बड़ा संदेश है। नई पीढ़ी के लिए यह सीख है कि काम बड़ा होना चाहिए, नाम नहीं। अगर मकसद सही हो, तो पहचान अपने आप बन जाती है। उनकी यह विनम्रता आने वाले समय में कई लोगों को प्रेरित कर सकती है।

### भविष्य की तरफ एक बड़ा कदम

आर्टेमिस-2 सिर्फ एक मिशन नहीं, बल्कि आने वाले समय की नींव है। इसके बाद इंसान को फिर से चांद की सतह पर उतारने की तैयारी है। और यही नहीं, आगे चलकर मंगल जैसे बड़े लक्ष्य भी सामने हैं। इस मिशन ने यह साबित कर दिया है कि इंसान अब सिर्फ सपने नहीं देख रहा है, बल्कि उन्हें पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।



# ये है दुनिया का सबसे तीखा पौधा, जिसके सामने फीकी है सबसे खतरनाक मिर्च

**रबात।** तीखेपन का नाम आते ही सबसे पहले जेहन में लाल मिर्च या हरी मिर्च का ख्याल आता है। दुनिया भर में मिर्च की ऐसी कई प्रजातियां हैं, जिन्हें खाने के नाम से ही लोगों के पसीने छूट जाते हैं। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक पेप्पर एक्स दुनिया की सबसे तीखी मिर्च है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि कुदरत ने एक ऐसा पौधा भी बनाया है जिसके सामने दुनिया की सबसे धाकड़ मिर्च भी फीकी चाय जैसी लगती है? यह कोई मिर्च नहीं, बल्कि एक कैक्टस जैसा दिखने वाला साधारण सा पौधा है, जिसका तीखापन इतना जानलेवा है कि इसे केमिकल वेपन यानी रासायनिक हथियार की श्रेणी में रखा जा सकता है। ये इतना ज्यादा खतरनाक है कि इंसान की नसों को हमेशा के लिए सुन्न कर सकता है। इस पौधे के भीतर छिपा रेसिनिफेरा टॉक्सिन के कारण इसे चखना तो दूर, छूने मात्र से शरीर पर तेजाब जैसे जख्म बन सकते हैं। इसकी दो बूंद भी जान ले सकती है। मोरक्को के पहाड़ों और नाइजीरिया के कुछ हिस्सों में पाया जाने वाला यह पौधा रेजिन स्पर्ज के नाम से जाना जाता है। इसमें पाया जाने वाला रेसिनिफेरा टॉक्सिन इसे दुनिया का सबसे तीखा और दर्दनाक पौधा बनाता है।

**मोहब्बत के आगे हाइट क्या चीज है**

# खूबसूरत दुल्हनिया के नन्हे से दूल्हे राजा, समाज की नहीं की परवाह

**अमरावती।** अक्सर कहा जाता है कि प्रेम केवल दिलों का मिलन है, जिसमें रंग, रूप, कद या धन-दौलत का कोई स्थान नहीं होता. इस बात को आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम की एक युवती ने सच कर दिखाया है। राजूपेटा की रहने वाली एक बेहद खूबसूरत युवती ने समाज और परिवार की परवाह किए बिना छोटी हाइट के युवक को अपना जीवनसाथी चुना है। यह शादी अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। यह कहानी राजूपेटा के रहने वाले वेमुला शशि और एक मुस्लिम समुदाय की युवती की है। उनकी मुलाकात स्कूल में हुई थी। 9वीं कक्षा से शुरू हुई यह दोस्ती समय के साथ गहरे प्यार में बदल गई। युवक बौना (कद में छोटा) है, लेकिन युवती के लिए उसकी शारीरिक बनावट कभी बाधा नहीं बनी। उसने युवक के स्वभाव और उनके बीच के अटूट विश्वास को प्राथमिकता दी।



### साहस और संघर्ष की मिसाल

वेमुला शशि वर्तमान में जिला न्यायालय में अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर कार्यरत हैं, वहीं युवती एक मेडिकल स्टोर में काम करती है। अपनी आजीविका खुद चलाने वाले इस जोड़े ने जब शादी का फैसला किया, तो उन्हें कड़े विरोध का सामना करना पड़ा।

### पुलिस से सुरक्षा की गुहार

इस प्रेम विवाह में न केवल शारीरिक बनावट का अंतर था, बल्कि धर्म की दीवार भी थी। युवती के माता-पिता और रिश्तेदारों ने इस रिश्ते पर कड़ी आपत्ति जताई।परिवार के दबाव और सामाजिक विरोध के बावजूद, लड़की अपने फैसले पर अडिग रही। उसे न तो युवक के कद से कोई समस्या थी और न ही समाज के तानों से। जब परिजनों का विरोध बढ़ने लगा और उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर खतरा महसूस हुआ। तो इस नवविवाहित जोड़े ने इनुकुदुरुपेटा पुलिस स्टेशन में शरण ली। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है और स्पष्ट कर दिया है कि वे किसी भी कीमत पर एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ेंगे। दुल्हन बोली- 9वीं क्लास में ही मैं इन्हें अपना दिल दे बैठी थी। यह अनोखी शादी उन लोगों के लिए एक मिसाल है जो प्रेम को केवल बाहरी सुंदरता के तराजू में तौलते हैं।




# दुनिया को महाप्रलय से बचाने वाला गुमनाम हीरो की अनसुनी कहानी

**वॉशिंगटन।** जब भी हम किसी अंतरिक्ष मिशन की सफलता देखते हैं, तो हमारी नजर रॉकेट या अंतरिक्ष यात्रियों पर होती है। लेकिन, पर्दे के पीछे कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो हर पल इस बात पर नजर रखते हैं कि कहीं अंतरिक्ष से कोई बड़ी आफत (एस्टेरॉयड) हमारी धरती की तरफ तो नहीं आ रही। नासा के माइकल डेविड हिक्स ऐसे ही एक जांबाज वैज्ञानिक थे। हाल ही में उनके



निधन की खबर आई, जिसने एस्ट्रोनॉमी की दुनिया में एक बड़ा शोक पैदा कर दिया है।

**उनका सबसे बड़ा काम :** माइकल का मुख्य काम एस्टेरॉयड की 'फिजिकल कैरेक्टराइजेशन' करना था। वह यह पता लगाते थे कि आसमान में तैर रहा कोई पत्थर किस चीज से बना है? इसके साथ ही वह कितनी तेजी से अपनी धुरी पर घूम रहा है? और उसका रंग और उसकी चमक कैसी है? ये जानकारियां इसलिए जरूरी हैं, क्योंकि अगर कभी किसी एस्टेरॉयड को रास्ते से भटकाने की जरूरत पड़ी, तो वैज्ञानिक यह पहले से जानते होंगे कि वह पत्थर कितना मजबूत है।

### कौन थे माइकल डेविड हिक्स?

माइकल डेविड हिक्स नासा की मशहूर जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी में एक वरिष्ठ एस्ट्रोनॉमर थे। उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी नियर-अर्थ ऑब्जेक्ट्स, यानी उन एस्टेरॉयड और धूमकेतुओं के अध्ययन में बिता दी, जो पृथ्वी के काफी करीब से गुजरते हैं। अगर आज हमें यह पता चल पाता है कि कोई एस्टेरॉयड धरती के कितने पास से गुजरेगा या उसका आकार क्या है, तो उसमें माइकल जैसे वैज्ञानिकों की सालों की मेहनत छिपी होती है।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कॉस्मेटिक सर्जरी
झुर्रियां, झांई, दाग, तिल, अनचाहे बाल आदि (आधुनिक लेजर द्वारा), मुहांसे, दाग, नाक, होंठ, ठोड़ी, वक्ष, पेट आदि (प्लास्टिक सर्जरी द्वारा) तथा अंग कटने-जलने की
अति विशेष चिकित्सा.
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com